दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-29 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 06 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए किया नामांकन, गृह मंत्री अमित शाह रहे मौजूद



पटना(ए.)। बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के निर्णय को प्रदेश की सियासत में बड़े उलटफेर की संभावना है। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया।इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। बिहार एनडीए के सभी उम्मीदवार नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, शिवेश कुमार राम और उपेंद्र कुशवाहा विधानसभा परिसर पहुंचे और राज्यसभा के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया।इससे पहले नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। गुरुवार को ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास व समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, और उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है।

### भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से हराया, भारत टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में पहुंचा

**-सैमसन ने 89 रन बनाए**



मुंबई (ए.) । मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके।भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है।भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान वर्ष 2026 के संबंध में मंत्रालय में बैठक ली।

## मार्च में ही तपने लगा मध्यप्रदेश

### होली पर 37 डिग्री के पार पहुंचा प्रदेश का पारा



भोपाल (ए.) । मार्च का पहला सप्ताह खत्म होते-होते ही मध्यप्रदेश में गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। होली के मौके पर अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 3 डिग्री ज्यादा है। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ने लगा है, जिससे मौसम में गर्मी का अहसास तेज हो गया है। सबसे ज्यादा असर इंदौर और उज्जैन संभाग में देखने को मिला। वहीं भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में भी होली के दिन तेज धूप ने लोगों को झुलसाया। प्रदेशभर में आसमान साफ रहा और बारिश या बादलों की कोई स्थिति नहीं बनी, जिससे तापमान तेजी से ऊपर चढ़ा।मौसम विभाग के मुताबिक अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में मार्च के पहले पखवाड़े में ही कई शहरों में पारा 40 डिग्री तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।नर्मदापुरम में इस सीजन में पहली बार तापमान 37.7 डिग्री दर्ज किया गया। धार, रतलाम और सागर में पारा 36 डिग्री से ऊपर रहा। गुना, दमोह, खंडवा, टीकमगढ़, खजुराहो, खरगोन, श्योपुर और मंडला में भी तापमान 35 डिग्री के पार रहा। प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में ही तापमान 30 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ा है। बैतूल, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा, रतलाम, श्योपुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, सागर, सिवनी और टीकमगढ़ में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। धार की रात सबसे गर्म रही, जहां पारा 19 डिग्री तक पहुंच गया।मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि मार्च में लू चलने की संभावना कम है, लेकिन अप्रैल और मई में 15 से 20 दिन तक हीट वेव का असर रह सकता है। ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में तापमान 45 डिग्री के पार जा सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग भी भीषण गर्मी की चपेट में रहेंगे। पिछले वर्षों के ट्रेंड को देखें तो मार्च में दिन गर्म और रातें अपेक्षाकृत ठंडी रहती हैं, साथ ही हल्की बारिश के दौर भी आते हैं।

## गुजरात में भूकंप के झटकों से दहशत, चार घंटे में तीन बार हिली धरती




**दाहोद, कच्छ और बोटाद जिलों में महसूस हुए झटके; किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं**

अहमदाबाद,(ए.)। गुजरात में गुरुवार को भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महज चार घंटे के भीतर तीन बार धरती हिलने से लोग घरों से बाहर निकल आए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इन झटकों की तीव्रता ज्यादा नहीं थी और कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

जानकारी अनुसार भूकंप के झटकों का सिलसिला सुबह दाहोद जिले से शुरू हुआ। सुबह 11 बजकर 55 मिनट पर यहां लोगों ने कंपन महसूस किया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.5 मापी गई। भूकंप का केंद्र दाहोद शहर से करीब 34 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण दिशा में जमीन के नीचे बताया गया। तीव्रता कम होने के कारण कई लोगों को इसका अहसास भी नहीं हुआ, लेकिन जिन्हें महसूस हुआ वे एहतियातन घरों से बाहर निकल आए।

इसके बाद दोपहर 1 बजकर 43 मिनट पर कच्छ जिले के बछुआ इलाके में दूसरा झटका महसूस किया गया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 दर्ज की गई। इसका केंद्र भचाऊ से लगभग 12 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम दिशा में बताया गया। कच्छ क्षेत्र भूकंप के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, इसलिए यहां लोग ऐसे झटकों को लेकर तुरंत सतर्क हो जाते हैं।तीसरा झटका दोपहर 3 बजकर 8 मिनट पर बोटाद जिले में दर्ज किया गया। इसकी तीव्रता भी रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई।

### बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का इस्तीफा, ऐलान



नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। लोक भवन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ये अहम घटनाक्रम सामने आया है। इस्तीफा देने के बाद बोस ने मीडिया से कहा कि मैंने काफी समय गवर्नर ऑफिस में बिता लिया है। बता दें कि सीवी आनंद बोस बंगाल में राज्यपाल के तौर पर करीब साढ़े तीन साल बिता चुके हैं।

## राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की सूची, अभिषेक मनु सिंघवी और अनुराग शर्मा के नाम ने चौंकाया

नई दिल्ली (ए)। देश भर में 37 राज्यसभा सीटों के लिए चुनावी घमासान तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की ओर से उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद, अब कांग्रेस ने भी अपने पत्ते खोल दिए हैं। पार्टी की ओर से 4 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है, जिसमें वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी, वेम नरेंद्र रेड्डी, फूलो देवी नेताम और कर्मवीर सिंह बौद्ध को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश से कांगड़ा के कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुराग शर्मा को टिकट देकर पार्टी ने सभी को हैरान कर दिया है। कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवारों की इस सूची ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। दरअसल, उम्मीदवारों के ऐलान में हो रही देरी को लेकर लगातार कई सवाल खड़े किए जा रहे थे। हालांकि, कांग्रेस नेताओं का पहले से ही कहना था कि अंतिम समय पर ही सारी जानकारी साझा की जाएगी। इसी रणनीति के तहत पार्टी ने अभिषेक मनु सिंघवी जैसे कद्दावर चेहरे के साथ-साथ हिमाचल से अनुराग शर्मा को मैदान में उतारकर चौंकाने वाला दांव चला है।

## न्यायाधीश किसी भी दबाव में सही फैसला लेने से संकोच नहीं करें

### सुप्रीम कोर्ट जज नागरत्ना ने न्यायाधीशों को फैसले पर अड़े रहने की दी सलाह



नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट जज बीवी नागरत्ना ने न्यायाधीशों को अपने फैसले पर अड़े रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी दबाव में सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। वह केरल हाईकोर्ट में आयोजित दूसरे टीएस कृष्णमूर्ति अय्यर मेमोरियल लेक्चर में बोल रहीं थीं। इससे पहले उन्होंने मीडिया को लेकर भी ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने कहा था कि किसी भी तरह की बाधा, भय या प्रभाव में मीडिया अपनी भूमिका नहीं निभा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि जजों को सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। फिर चाहे इसकी वजह से उनकी उन्नति ही क्यों न रुक जाए या सत्ता में बैठे लोग नाराज हो जाएं। उन्होंने कहा कि एक जज को राजनीतिक दबाव, संस्थागत धमकी या पॉपुलर डिमांड से मुक्त ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि प्रेस पर कब्जा करने के हालिया प्रयासों के पीछे न केवल आर्थिक आधार हैं बल्कि राजनीतिक पहलू भी शामिल हैं।खास बात है कि जस्टिस नागरत्ना सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला चीफ जस्टिस बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना ने साफ तौर पर कहा कि मीडिया अपना काम ठीक से तभी कर सकता है जब वह किसी भी तरह के डर या दबाव से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि आज के दौर में प्रेस की आजादी को सबसे बड़ा खतरा सीधे तौर पर लगने वाली पाबंदियों से नहीं है। बल्कि, असली खतरा आर्थिक नीतियों, लाइसेंस देने के कड़े नियमों और मीडिया कंपनियों के मालिकाना हक से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि एक मीडिया प्रतिष्ठान कानूनी रूप से सरकार की आलोचना करने के लिए स्वतंत्र हो सकता है, फिर भी आर्थिक रूप से इस तरह से मजबूर हो सकता है कि ऐसी आलोचना महंगी पड़ जाए।उन्होंने कहा कि यह अधिकार भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी भी पेशे से जुड़ने या किसी भी व्यवसाय, व्यापार या कारोबार को चलाने की स्वतंत्रता के बीच परस्पर क्रिया से उभरता है।





### सॉफ्टवेयर इंजीनियर बेटी का खौफनाक अंत, दहेज के लालच में हैवान बना पति; रिटायर्ड ASI पिता ने खोला हत्या का राज

बेंगलुरु (ए)। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक बेहद दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां के सोलादेवनहल्ली इलाके में 35 वर्षीय पूर्व सॉफ्टवेयर इंजीनियर पी. सुषमा ने कथित तौर पर दहेज उत्पीड़न और रोज-रोज की घरेलू कलह से तंग आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। इस दर्दनाक घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति पुनीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। सुषमा के पिता पुलिस विभाग से रिटायर्ड असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ( ASI) हैं और उनकी शिकायत के आधार पर ही पुनीत के खिलाफ दहेज हत्या का सनसनीखेज मामला दर्ज किया गया है।सुषमा और पुनीत की शादी करीब 5 साल पहले बड़े ही धूमधाम से हुई थी और उनका एक 4 साल का मासूम बेटा भी है। सुषमा पहले एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थीं, लेकिन कुछ साल पहले ही उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी। सुषमा के पिता टी.डी. प्रभाकरमूर्ति ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी में 10 लाख रुपये नकद और भारी मात्रा में सोने के आभूषण दहेज के रूप में दिए थे। इसके अलावा सुषमा ने अपनी कमाई से एक कार भी खरीदी थी। इतने के बावजूद, पुनीत और उसकी मां कल्पना की लालच कम नहीं हुई और वे लगातार और दहेज की मांग करते हुए

## पीएम मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसमर्पण कर दियाः खड़गे

**-ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, अमेरिका ने हमला कर उसे डुबो दिया**



नई दिल्ली,(ए.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है। एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर उसे डुबो दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। पीएम मोदी मौन साधे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन समेत दो भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है? खड़गे ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है? क्या प्रभावित क्षेत्रों से निकासी की कोई योजना है? खड़गे ने दावा किया कि पीएम मोदी का आत्मसमर्पण राजनीतिक और नैतिक दोनों है।

### भारतीय समुद्री सीमा में मछली पकड़ते दो श्रीलंकाई मछुआरे गिरफ्तार

रामनाथपुरम, (ए.)। भारतीय समुद्री सीमा में मछली पकड़ने के आरोप में भारतीय तटरक्षक बल ने श्रीलंका के दो मछुआरों को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा इस्तेमाल की जा रही नाव और मछली पकड़ने के उपकरण भी जब्त कर लिए गए हैं।दरअसल, तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के समुद्री क्षेत्र के रास्ते पड़ोसी देश श्रीलंका में बीड़ी पत्ते, हल्दी, सोना, चांदी और दवाइयों सहित कई वस्तुओं की अवैध तस्करी होती रही है। इसी प्रकार श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र से भी रामनाथपुरम जिले के रास्ते विभिन्न सामान समय-समय पर अवैध रूप से भारत लाए जाते हैं। इसे रोकने के लिए भारतीय तटरक्षक बल समुद्री क्षेत्र में नियमित रूप से गश्त करता है।इसी क्रम में गुरुवार को रामनाथपुरम जिले के समुद्री इलाके में तटरक्षक बल के जवान गश्त कर रहे थे। इस दौरान अरियमान समुद्र तट के पास एक नाव संदिग्ध स्थिति में खड़ी दिखाई दी।





# हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरता है होली का उत्सव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संतों , समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं और मीडिया के साथियों के साथ खेली होली



भोपाल (निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेशवासियों को उत्साह, उमंग और समरसता के पावन पर्व होली की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह उत्सव हर आंगन में सुख, शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरे और समाज में सद्भाव-सकारात्मकता और एकता का रंग सदा चटक रहे यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीयता और सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होली पर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे नागरिकों के साथ होली की मंगलकामनाओं का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पधारे संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। वरिष्ठ और गणमान्य नागरिकों का अभिवादन किया तथा सभी आगंतुकों पर पुष्प वर्षा एवं गुलाल उड़ाकर मेजबान के रूप में सबका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को गुलाल लगाया और पारम्परिक वाद्य यंत्रों के साथ उनके सुर में सुर भी मिलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री निवास पधारे राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, वरिष्ठ सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, मनु श्रीवास्तव, शिवशेखर शुक्ला , प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव , सचिव परिवहन एवं आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह, खाटू श्याम मंदिर भोपाल के प्रमुख प्रचारक पूज्य अनिल आनंद महाराज सहित कई जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार गण और वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगल कामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित होली मिलन समारोह में उड़ते रंग गुलाल और पुष्प वर्षा के बीच, ब्रज-बरसाने के होली गीतों, पारंपरिक संगीत और मयूर नृत्य के साथ उल्लास और उमंग से सराबोर वातावरण में सभी ने शालीनता के साथ पर्व का आनंद लिया। मंच पर प्रस्तुति दे रहे कलाकारों ने रंग बरसे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, होली खेलें रघुवीरा, आज ब्रज में होली रे रसिया जैसे होली गीतों का सस्वर गायन कर सभी के उल्लास को दोगुना कर दिया। मुख्यमंत्री निवास में होली पर्व पर आयोजित मिलन समारोह में सभी को गुजिया, बालूशाही, ठंडाई सहित कई परंपरागत व्यंजन परोसे गए।

# प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में है पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी

### अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती शमी ने की समीक्षा



भोपाल (निप्र.)। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यह जानकारी ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने अपर मुख्य सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरुण शमी द्वारा गुरुवार को मंत्रालय में की गयी पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान दी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता की समीक्षा के निर्देश दिये थे। समीक्षा बैठक में ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान खपत को देखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अपर मुख्य सचिव ने ऑयल कम्पनियों को जिलावार अपने फील्ड ऑफिसर तथा डिपो प्रभारी को संभागायुक्त एवं कलेक्टर से सम्पर्क करने तथा नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी किसी भी स्थिति में न हो। डीलर स्तर पर प्रतिदिन स्टॉक की समीक्षा की जाए। बैठक में कमिश्नर खाद्य कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा और ऑयल कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर "अधिकार, न्याय और कार्यवाही" की थीम पर होंगे विशेष कार्यक्रम

भोपाल (निप्र.)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुँच को सुगम बनाने के लिये "अधिकार, न्याय, कार्यवाही - महिलाओं और बालिकाओं के लिए" थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में शक्रवार 6 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने अनुभव और सफल पहल साझा की जाएंगी, ताकि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रभावी मॉडल सामने आ सकें। साथ ही घरेलू कामकाजी महिलाओं द्वारा पॉवर वॉक के माध्यम से आत्मविश्वास, स्वाभिमान और महिला शक्ति का संदेश दिया जाएगा।

## होली के दिन भांग पीकर डांस कर रहे प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत

भोपाल(ए.)। शहर के ऐशबाग थाना इलाके में रहने वाले एक निजी कॉलेज के प्रोफेसर की होली के दिन मौज मस्ती करते समय संदिग्ध हालात में मौत हो जाने की घटना सामने आई है। बताया गया है की होली खेलने के दौरान दोस्तों के साथ भांग पीने के बाद उसकी तबीयत अचानक खराब होने लगी। उसे इलाज के लिये अस्पताल पहुचांया गया जहॉ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा नायक (25) पुत्र उमेश नायक, निवासी अभिरुची परिसर ऐशबाग ने भोपाल के एक निजी संस्थान से बीटेक की पढ़ाई की थी। वह एक प्राइवेट कॉलेज में प्रोफेसर थे, साथ ही एमपी नगर स्थित एक निजी कोचिंग में छात्रों को पढ़ाते भी थे। पुलिस के अनुसार प्रोफेसर कृष्णा नायक ने बुधवार शाम तक दोस्तों के साथ होली खेली थी। इस दौरान उन्होंने दोस्तों के साथ भांग भी पीकर जमकर डांस किया।

## जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, प्रदेश में हजारों रिक्त पदों और "कृषक कल्याण वर्ष" को लेकर साधे सवाल



भोपाल(निप्र.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने मध्य प्रदेश की कृषि व्यवस्था की बदहाल स्थिति, कृषि एवं उससे जुड़े विभागों में हजारों रिक्त पदों और राज्य सरकार द्वारा घोषित "कृषक कल्याण वर्ष" के बीच मौजूद गंभीर विरोधाभास की ओर ध्यान आकर्षित किया है। जीतू पटवारी ने गुरुवार को लिखे अपने पत्र में कहा है कि मध्य प्रदेश को देश का "कृषि प्रधान राज्य" कहा जाता है, लेकिन आज राज्य की कृषि व्यवस्था स्वयं ही सरकारी उदासीनता के बोझ तले दम तोड़ रही है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" घोषित किया है, किंतु सरकारी तंत्र की वास्तविक स्थिति इस घोषणा को एक कड़वा मज़ाक बना रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार विभाग में स्वीकृत 14,537 पदों में से 8,468 पद रिक्त हैं, अर्थात लगभग 60 प्रतिशत अमला अनुपस्थित है। ऐसी स्थिति में शेष कर्मचारियों से पूरे प्रदेश के किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का दावा करना वास्तविकता से परे है।पटवारी ने बताया कि यह स्थिति केवल कृषि विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि कृषि से जुड़े कई सहयोगी विभागों में भी भारी रिक्तता है। मत्स्य पालन विभाग में 1,290 पदों में से 722 पद खाली हैं, उद्यानिकी विभाग में 3,079 पदों में से 1,459 पद रिक्त हैं, जबकि पशुपालन एवं डेयरी विभाग में 7,992 पदों में से 1,797 पद खाली हैं। इसी प्रकार सहकारिता विभाग में लगभग 35 प्रतिशत पद रिक्त हैं। खाद्य तंत्र की स्थिति भी चिंताजनक है। खाद्य संचालनालय में 109 पदों के विरुद्ध केवल 48 कर्मचारी कार्यरत हैं। जिलों के कार्यालयों में 598 पदों के मुकाबले मात्र 245 कर्मचारी हैं और खाद्य आयोग में 61 पदों में से 48 पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि कृषि प्रशासन के शीर्ष स्तर पर भी स्थिति गंभीर है। वरिष्ठ अधिकारियों के 182 स्वीकृत पदों में से 113 पद खाली हैं, जिनमें अपर संचालक, संयुक्त संचालक और उप संचालक जैसे महत्वपूर्ण पद शामिल हैं।

# चरित्र संदेह को लेकर हैवान बना पति, गला दबाकर कर दी पत्नि की हत्या

– पति ने गला दबाकर मार डाला, बनाई बालकनी से कूदकर खुदकुशी की कहानी

– लाश के कपड़े बदलकर खाली पड़े प्लॉट पर फैंक दिया




भोपाल (ए.)। राजधानी के कजलीखेड़ा थाना इलाके में सोमवार सुबह यहॉ स्थित देवग्रीन सिटी में रहने वाली तीन बच्चो की मॉ की संदिग्ध हालतो में मौत हो जाने की घटना में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। शुरुआत में महिला द्वारा बालकनी से कूदने की बात कहकर इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा था, लेकिन घटनास्थल की बारीकी से गई जांच और एफएसएल रिपोर्ट ने सारे राजफाश करते हुए अंधे कत्ल की परते उधेड़ते हुए आरोपी पति को उसके अंजाम तक पहुचां दिया। मामले में जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह यहॉ रहने वाली मृतका सोनम प्रजापति (35) का शव घर के बगल वाले खाली प्लाट में पड़ा मिला था। शुरुआती जॉच में आरोपी पति जितेंद्र प्रजापति (32) ने पुलिस से बचने के लिये झूठी कहानी रची और पुलिस टीम को बताया सोनम देर रात तक मोबाइल चला रही थी। इस बात को लेकर उसका उससे विवाद हुआ था। बाद में वह सोने चला गया और रात के समय सोनम ने दूसरी मंजिल की बालकनी से नीचे कूदकर जान दे दी। वहीं बच्चों ने भी पुलिस को बताया था कि मां पहले भी आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश कर चुकी थी। और मोबाइल पर बातचीत को लेकर उसका पिता से झगड़ा होता रहता था। लेकिन घटनास्थल की जॉच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पति की साजिश से पर्दा उठा दिया। संदेह के आधार पर जब पुलिस ने संदेही पति जितेंद्र प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तब सामने आया की सोनम घरेलू महिला थी। वहीं पति कारपेंट्री का काम करता हैं। उसका परिवार मूल रूप से जबलपुर का रहने वाला है, और बीते करीब 10 साल से भोपाल में रह रहा था। दंपत्ति के 14 साल की बेटी सहित दो बेटे है। जितेंद्र अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी विवाद के चलते एक महीने पहले उसने सोनम का मोबाइल भी तोड़ दिया था। घटना वाली रात यानी 1 मार्च 2026 को मोबाइल चलाने की बात पर दोनों के बीच एक बार फिर विवाद हो गया। गुस्से में आये जितेंद्र ने सोनम की कुर्ती से उसका गला घोंटते हुए उसे जोर से लात मारी, जिससे सोनम का सिर फर्श से टकरा गया।

# एम्स डॉक्टर सुसाइड केस में मानवाधिकार आयोग का स्वत : संज्ञान

**– प्रबंधन और पुलिस से 15 दिन में मांगी विस्तृत रिपोर्ट, आरोप- शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई**

भोपाल(ए.) भोपाल एम्स में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की आत्महत्या का मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर गूंजने लगा है। पहले भी इस प्रकरण को लेकर संस्थान की कार्यसंस्कृति और शिकायत निवारण तंत्र पर सवाल उठे थे, लेकिन अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने औपचारिक संज्ञान लेते हुए केंद्र और राज्य स्तर के अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। आरोप है कि ट्रॉमा एंड इमरजेंसी विभाग के तत्कालीन एचओडी डॉ. मोहम्मद यूनुस द्वारा लगातार प्रताडऩा और सार्वजनिक अपमान से परेशान होकर चिकित्सक ने बेहोशी की दवाइयों का ओवरडोज लेकर जान दे दी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की पीठ, जिसकी अध्यक्षता प्रियंक कानूनगो कर रहे हैं, ने इस मामले को गंभीर मानते हुए स्वत (स्वयं की पहल पर) संज्ञान लिया। आयोग की ओर से भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव, एम्स भोपाल के निदेशक और भोपाल पुलिस कमिश्नर को नोटिस जारी किया गया है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। रिपोर्ट में संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा की गई कार्यवाही का पूरा विवरण, दर्ज एफआईआर की प्रति और पोस्टमार्टम रिपोर्ट अनिवार्य रूप से शामिल की जाए। इस प्रकरण को लेकर आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर विस्तृत ट्वीट किया। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा कि भोपाल के एम्स में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर सृष्टि (नाम परिवर्तित) ने HOD डॉ. परवेज (नाम परिवर्तित) की प्रताडऩा और अपमान से तंग आकर बेहोश करने वाली दवा के ओवरडोज से आत्महत्या कर ली। ट्वीट में यह भी उल्लेख किया गया कि महिला चिकित्सक ने तीन बार प्रताडऩा की शिकायत की थी, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया। ऐसे में चिकित्सक ने आत्महत्या कर ली। कानूनगो ने इसे गंभीर शिकायत बताते हुए जांच के निर्देश दिए और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## एमपी ट्रांसको में लाइनमैन दिवस पर प्रदेश के लाइनमैन होंगे सम्मानित

भोपाल(ए.)। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में लाइनमैन दिवस 7 मार्च को प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस (टीएलएम) मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य कार्यक्रम जबलपुर मुख्यालय में आयोजित है, जहां प्रबंध संचालक सुनील तिवारी की उपस्थिति में क्षेत्र के सभी लाइनमैन का सम्मान एवं अभिनन्दन किया जायेगा। साथ ही मुख्यालय जबलपुर से विशेष तौर पर नियुक्त किये गए मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं फील्ड के अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता स्तर के अधिकारी संबंधित टीएलएम मुख्यालयों में पहुंचकर लाइनमैन साथियों का सम्मान एवं अभिनंदन करेंगे। सम्मान समारोह में सुरक्षा सबंधी शपथ भी ली जायेगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन का सुखद परिणाम पचमढ़ी का ग्रीन डेस्टिनेशन ब्रॉन्ज सर्टिफिकेट : राज्यमंत्री श्री लोधी

## उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ओर से प्राप्त किया सम्मान

भोपाल (निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजनरी नेतृत्व और प्रदेश में 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म' को बढ़ावा देने के प्रयासों के फलस्वरूप मध्यप्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। जर्मनी के बर्लिन में आयोजित 'आईटीबी बर्लिन ट्रैवल मार्ट' में प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी को प्रतिष्ठित 'ग्रीन डेस्टिनेशंस ब्रॉन्ज' सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाणन नीदरलैंड स्थित 'ग्रीन डेस्टिनेशंस फाउंडेशन' द्वारा प्रदान किया जाता है, जो 'ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल' से मान्यता प्राप्त संस्था है। पचमढ़ी यह अंतर्राष्ट्रीय गौरव हासिल करने वाला देश का पहला हिल स्टेशन बन गया है। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड की ओर से उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया।पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश पर्यटन नित नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

पचमढ़ी को मिला यह 'ग्रीन डेस्टिनेशन ब्रॉन्ज' सर्टिफिकेट इस बात का प्रमाण है कि हम पर्यटन विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संस्कृति को सहेजने में भी अग्रणी हैं। यह उपलब्धि पचमढ़ी को वैश्विक स्तर पर एक 'सस्टेनेबल टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित करेगी, जिससे यहाँ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी ने कहा कि यह सम्मान पचमढ़ी में विरासत संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन ऊर्जा और जलवायु संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की वैश्विक पहचान है। इस उपलब्धि के साथ ही अब पचमढ़ी देश के अन्य पहाड़ी पर्यटन स्थलों और इको-टूरिज्म साइट्स के लिए एक 'रेप्लिकेबल मॉडल'




(अनुकरणीय मॉडल) के रूप में उभरा है। यह मान्यता प्रदेश में 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म' को और अधिक सशक्त बनाएगी।

### स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण का वैश्विक मानक

'ग्रीन डेस्टिनेशंस' अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित प्रमाणन कार्यक्रम है, जो आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता के 3 मुख्य स्तंभों पर केंद्रित है।

### कठोर परीक्षण में मिली सफलता

पचमढ़ी का चयन अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित एक अत्यंत जटिल और सूक्ष्म मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद किया गया। इसके तहत डेस्टिनेशन मैनेजमेंट, प्रकृति एवं परिदृश्य, पर्यावरण और जलवायु, संस्कृति एवं परंपरा, सामाजिक कल्याण और व्यापारिक संचार जैसे 6 प्रमुख विषयों के 75 कड़े मापदंडों पर पचमढ़ी का परीक्षण किया गया। मूल्यांकन में पचमढ़ी ने 10 में से 6.5 का स्कोर और 40त्न का त्रस्झ्रष्ट अनुपालन स्तर हासिल किया।

### पर्यटन बोर्ड के प्रयासों का परिणाम

म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। इस परियोजना के तहत नवंबर 2025 में पचमढ़ी में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसके बाद व्यापक फील्ड वर्क, डेटा कलेक्शन और दस्तावेजीकरण किया गया। फरवरी 2026 में अंतर्राष्ट्रीय ऑडिटर द्वारा ऑन-साइट ऑडिट के बाद इस उपलब्धि पर मुहर लगी।

# बिछिया पुलिस की कार्रवाई : तीन आरोपी गिरफ्तार

## - बच्चा चोर की अफवाह फैलाकर नाबालिग से मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार




मंडला (ए.)। मंडला जिले के थाना बिछिया अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा में दिनांक 26.02.2026 को एक अज्ञात नाबालिग बालक को कुछ ग्रामीणों द्वारा बच्चा चोर होने के संदेह में पकड़कर उसके साथ मारपीट की गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आने पर पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बिछिया श्री रंजीत सिंह सैयाम को तत्काल मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी बिछिया तथा पुलिस स्टाफ द्वारा वीडियो एवं घटनास्थल की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्तियों की पहचान कराई गई, जिसमें पाया गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा नाबालिग बालक को बच्चा चोर समझकर बंधक बनाया गया तथा उसके साथ मारपीट की गई। साक्ष्यों के आधार पर थाना बिछिया में प्रकरण पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी 1. रामदयाल पिता गौथर उईके, उम्र 48 वर्ष, 2. मंदन उईके (पोचा) पिता लालमन उईके, उम्र 45 वर्ष, 3.कमल सिंह उईके पिता मनोहर सिंह उईके, उम्र 54 वर्ष, सभी निवासी ग्राम बरखेड़ा, थाना बिछिया, जिला मंडला।पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है कि बच्चा चोर जैसी अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही ऐसी अफवाहें फैलाएं। किसी भी अज्ञात व्यक्ति के संबंध में संदेह होने की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें, बल्कि तत्काल पुलिस को Dial 112 अथवा पुलिस थाने पर सूचना दें, ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

# स्कूल के कार्य बेहतर, फिट इंडिया में स्कूल को शामिल करें : सचिव श्री मिश्रा

## पीएमश्री स्कूल बूढ़ा एवं केंद्रीय विद्यालय मंदसौर का किया निरीक्षण

मंदसौर (ए.)। सचिव पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड भारत सरकार अंजन कुमार मिश्रा ने गुरुवार को पीएम शासकीय कन्या हाई स्कूल बूढ़ा तथा केंद्रीय विद्यालय मंदसौर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं



तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर बच्चों और शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सचिव श्री मिश्रा ने स्कूल में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स लैब का निरीक्षण करते हुए प्रयोगों की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से पढ़ाई और प्रयोगात्मक कार्यों के संबंध में चर्चा की। कंप्यूटर कक्ष में विद्यार्थियों द्वारा की जा रही कोडिंग के बारे में भी जानकारी ली और आधुनिक तकनीक के उपयोग को सराहा। उन्होंने बच्चों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बारे में भी चर्चा करते हुए शिक्षा में इसके महत्व को समझा। उन्होंने खेल एवं क्रीड़ा कक्ष का अवलोकन कर बच्चों को खेल गतिविधियों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि स्कूल को फिट इंडिया अभियान से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि विद्यार्थी नियमित रूप से खेलकूद गतिविधियों में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय, संगीत कक्ष, हर्बल गार्डन तथा स्कूल परिसर का भी भ्रमण किया।

# *होली की भाईदूज पर केन्द्रीय जेल व सर्किल जेलों में बहनों ने की भाईयों से मुलाकात*

## *- केन्द्रीय जेल ग्वालियर सहित 3343 बंदियों के लगाए तिलक*




*ग्वालियर (ए.) । होली की भाईदूज पर केन्द्रीय जेल एवं संभाग की सर्किल जेलों में बहनों ने भाईयों से मुलाकात की। भाईदूज के दिन प्रात: से ही बहनें केन्द्रीय जेल पहुँचीं। जेल प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत केन्द्रीय जेल सहित सर्किल जेलों में लगभग 3343 बंदियों से 9413 माता-बहनें एवं उनके छोटे बच्चों ने मुलाकात की।केन्द्रीय जेल ग्वालियर में परिरूद्ध बंदियों की माता-बहनों ने शांतिपूर्वक सुरक्षा के साथ भाईदूज पर मुलाकात की। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से भाईदूज के अवसर पर बड़ी संख्या में बहनों ने पहुँचकर भाईयों से मुलाकात की। केन्द्रीय जेल अधीक्षक श्री विदित सिरवैया से जानकारी के अनुसार केन्द्रीय जेल ग्वालियर में भाईदूज के अवसर पर 2400 बंदियों को उनकी बहनों व अन्य परिजनों ने तिलक लगाए। इसी तरह दतिया जिला जेल में 182 बंदियों की 307 बहनें, मुरैना जिला जेल में 265 बंदियों की 745 बहनें, सबलगढ़ उप जेल में 27 बंदियों की 118, विजयपुर उप जेल में 24 बंदियों की 55, अम्बाह उप जेल में 80 बंदियों की 339, जौरा उप जेल में 40 बंदियों की 112, लहार उप जेल में 75 बंदियों की 182, मेहगांव उप जेल में 69 बंदियों की 246, गोहद उप जेल में 58 बंदियों की 160, डबरा उप जेल में 97 बंदियों की 276 एवं उप जेल सेंवढ़ा में 26 बंदियों की 73 बहनों ने मुलाकात की एवं तिलक लगाए।*

## फसल काटने की बात को लेकर डंडों से मारपीट, तीन गंभीर घायल

राजगढ़, (ए.)। मध्यप्रदेश के कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरा में गुरुवार दोपहर खेत में गेहूं की फसल काटने की बात को लेकर पति-पत्नी सहित तीन लोगों ने गालियां देते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरु कर दी, जिसमें परिवार के तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस के अनुसार ग्राम प्रेमपुरा निवासी 33 वर्षीय मांगीलाल पुत्र नारायणसिंह तंवर ने बताया कि गिरवीं रखे खेत से गेहूं की फसल काटने की बात को लेकर हुए विवाद पर गुलाबसिंह पुत्र हेमराज तंवर, हेमराज पुत्र गौरीलाल तंवर और रेशमबाई पत्नी हेमराज तंवर गालियां देने लगे, विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए।

# ड्यूटी के बाद रंगों में डूबी मंदसौर पुलिस, एसपी के साथ झूमे पुलिसकर्मी



मंदसौर,(ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में आमजन की होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के बाद गुरुवार को मंदसौर पुलिस ने भी उत्साह और उमंग के साथ रंगों का पर्व मनाया। पुलिस लाइन परिसर सहित जिले के विभिन्न थाना परिसरों में पुलिसकर्मी रंग-गुलाल के साथ होली के रंग में सराबोर नजर आए।मंदसौर जिले में आमजन द्वारा 3 और 4 मार्च को होली का पर्व मनाया गया था। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलेभर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और पुलिसकर्मी लगातार ड्यूटी में मुस्तैद रहे। परंपरा के अनुसार ड्यूटी पूरी होने के बाद गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने होली का उत्सव मनाया।पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पुलिसकर्मी उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को रंग लगाते नजर आए और पूरे परिसर में होली का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर, नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर, वायडी नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं थाना कोतवाली, शामगढ़ सहित जिले के अन्य थानों में भी पुलिसकर्मियों ने होली का पर्व मनाया। कई स्थानों पर डीजे की धुन पर पुलिसकर्मी थिरकते नजर आए और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि होली के दौरान पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था बनाए रखने में व्यस्त रहते हैं, इसलिए परंपरा के अनुसार अगले दिन पुलिसकर्मी होली का उत्सव मनाते हैं।

## सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

उज्जैन(ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला द्वारा पीएम उषा योजना अंतर्गत 6 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार से होगा। यह संगोष्ठी 12 मार्च तक विश्वविद्यालय परिसर के वाग्देवी भवन स्थित राष्ट्रभाषा सभागार में होगी। साहित्य, आलोचना, भाषा और तकनीक के समन्वय पर आधारित इस संगोष्ठी में देशभर के विद्वान अपने विचार साझा करेंगे।समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा ने गुरुवार को बताया कि आयोजन के प्रत्येक दिन अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रभाषा सभागार में प्रतिदिन प्रात: 10.30 से सायं 5 बजे तक आयोजित संगोष्ठी में विभिन्न विषयों पर सत्र होंगे।

# निगम कर्मियों ने निगमायुक्त को गुलाल देकर दी होली की शुभकामनाएं



कटनी (ए.)। रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार से सौजन्य भेंट कर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर निगमायुक्त सुश्री परिहार ने भी सभी कर्मचारियों को गुलाल का टीका लगाकर होली की बधाई दी। निगमायुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों से नगर विकास एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी मिलकर शहर के विकास और स्वच्छता के लिए बेहतर कार्य करें। इस दौरान अधिकारी और कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे को भी गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा की और हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया।

## व्यापार समाचार

# रिकॉर्ड कमाई के बावजूद इस बैंक ने 2500 कर्मचारियों को निकाला, क्या AI छीन रहा नौकरियां?




नई दिल्ली (ए.)। अमेरिका की प्रमुख निवेश बैंकिंग कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने अपने वैश्विक कर्मचारियों में से करीब 2,500 लोगों की छंटनी की है। यह संख्या कंपनी के कुल कर्मचारियों का लगभग 3 प्रतिशत बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह छंटनी मार्च की शुरुआत से शुरू हुई है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी किसी सुधार प्रक्रिया के कारण नहीं की गई है, बल्कि इसके पीछे कंपनी की बदलती व्यावसायिक प्राथमिकताएं, वैश्विक स्तर पर नई लोकेशन रणनीति और कर्मचारियों के प्रदर्शन की समीक्षा जैसे कारण बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह छंटनी बैंक के तीन बड़े डिवीजन-इंस्टिट्यूशनल सिक्योरिटीज, वेल्थ मैनेजमेंट और इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट-में की गई है। इससे फ्रंट-ऑफिस, राजस्व से जुड़े पदों और बैक-ऑफिस भूमिकाओं पर असर पड़ा है, हालांकि वित्तीय सलाहकारों को इस फैसले से बाहर रखा गया है। फिलहाल मॉर्गन स्टेनली ने इस रिपोर्ट पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इससे पहले भी पिछले साल वसंत में कंपनी ने करीब 2,000 कर्मचारियों की छंटनी की थी।

दिलचस्प बात यह है कि यह छंटनी ऐसे समय में हुई है जब कंपनी ने 2025 में रिकॉर्ड 70.6 अरब डॉलर की सालाना आय दर्ज की है। वहीं साल की अंतिम तिमाही में कंपनी की आय में 47 प्रतिशत की तेज वृद्धि देखी गई। 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी के 40 से अधिक देशों में कुल 82,992 कर्मचारी काम कर रहे थे।हाल ही में जारी अपनी एक रिपोर्ट में मॉर्गन स्टेनली ने कहा था कि नौकरियों पर एआई का लंबी अवधि का असर उतना गंभीर नहीं हो सकता जितना लोग मान रहे हैं। कंपनी के अनुसार कुछ नौकरियां जरूर ऑटोमेट होंगी, लेकिन अधिकांश कर्मचारी पूरी तरह बेरोजगार नहीं होंगे। कई लोग नए प्रकार की नौकरियों में शिफ्ट हो सकते हैं, जिनमें से कुछ भूमिकाएं अभी अस्तित्व में भी नहीं हैं। बैंक का मानना है कि एआई काम करने के तरीके को बदलेगा, लेकिन नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा।इसी बीच, जैक डोर्सी द्वारा स्थापित पेमेंट कंपनी ब्लॉक ने भी हाल ही में एआई से जुड़े बदलावों के चलते अपने कर्मचारियों की संख्या लगभग आधी करने की घोषणा की है। कंपनी अपने कर्मचारियों की संख्या 10,000 से घटाकर करीब 6,000 करने की योजना बना रही है।

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से सोना-चांदी की चमक बढ़ी

## – चांदी की कीमतों में 4500 का उछाल, सोना 1.62 लाख पर पहुंचा

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मांग में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसी




का असर सोना और चांदी की कीमतों पर भी पड़ा है। घरेलू बाजार में चांदी की कीमत 4,560 रुपये बढ़कर 2.70 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है, जबकि सोने का भाव 830 रुपये की बढ़त के साथ 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कीमती धातुओं में मजबूती देखी गई। एशियाई कारोबार के दौरान स्पॉट गोल्ड करीब 1 प्रतिशत बढ़कर 5,187 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया। वहीं स्पॉट सिल्वर में लगभग 2.5 प्रतिशत की तेजी आई और इसकी कीमत 85.12 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। विशेषज्ञों के अनुसार यह तेजी मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण आई है। अमेरिका और इजरायल द्वारा इरान पर किए जा रहे हवाई हमलों और इसके जवाब में ईरान की ओर से मिसाइल हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है। इसके चलते रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होमुर्ज के बंद होने की खबरों ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# 18 साल बाद टूटी पार्टनरशिप, अब विदेशी कंपनी QBE के पास होगा 'रहेजा QBE' का पूरा मालिकाना हक




मुंबई (ए.) । भारतीय बीमा बाजार से एक बेहद अहम खबर सामने आई है। ऑस्ट्रेलिया की जानी-मानी अंतरराष्ट्रीय जनरल इंश्योरेंस और रीइंश्योरेंस कंपनी 'क्यूबीई इंश्योरेंस ग्रुप' जल्द ही रहेजा क्यूबीई (Raheja QBE) जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की इकलौती मालिक और शेयरधारक बनने जा रही है। 18 सालों तक चली लंबी जॉइंट ओनरशिप के बाद अब इस कंपनी के ढांचे में यह बड़ा बदलाव होने जा रहा है, जिसके लिए फिलहाल नियामक संस्था की मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। पिछले 18 सालों से रहेजा क्यूबीई में प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड (Prism Johnson Limited) और क्यूबीई इंश्योरेंस ग्रुप की संयुक्त हिस्सेदारी थी। अब इस लंबे सफर के बाद यह पार्टनरशिप खत्म होने जा रही है। इस अहम सौदे के तहत क्यूबीई इंश्योरेंस ग्रुप ने कंपनी का पूरा नियंत्रण अपने हाथों में लेने का फैसला किया है। उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि यह बड़ा कदम भारतीय बीमा बाजार में क्यूबीई की गहरी दिलचस्पी, भरोसे और उसकी लंबी अवधि की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।फिलहाल इस पूरे ट्रांजैक्शन और मालिकाना हक के ट्रांसफर की प्रक्रिया की भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा बारीकी से समीक्षा की जा रही है। कंपनी ने अपने ग्राहकों और हितधारकों को आश्वस्त किया है कि जब तक यह कानूनी और कागजी प्रक्रिया चल रही है, तब तक कंपनी के रोजमर्रा के कामकाज और ग्राहकों को दी जाने वाली सर्विस के मानकों में कोई बदलाव नहीं होगा। ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के पहले की तरह ही बेहतरीन सेवाएं मिलती रहेंगी। इस डील के पूरी तरह फाइनल होने के बाद कंपनी की ओर से और विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

# APPLE ने लॉन्च किया अपना सबसे सस्ता LAPTOP! IPHONE 16 PRO वाला प्रोसेसर और 16 घंटे की बैटरी लाइफ; कीमत कर देगी हैरान

नई दिल्ली (ए.)। प्रीमियम लैपटॉप बाजार में अपना दबदबा कायम रखने के बाद, अब एप्पल ने बजट फ्रेंडली सेगमेंट में भी तहलका मचा दिया है। कंपनी ने ग्राहकों के लिए अपना नया और किफायती लैपटॉप 'मैकबुक नियो' (MacBook Neo) लॉन्च कर दिया है। सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस सस्ते मैकबुक में भी कंपनी ने उसी दमदार ए18 प्रो (Av} Pro) चिपसेट का इस्तेमाल किया है, जो आईफोन 16 प्रो और आईफोन 16 प्रो मैक्स में देखने को मिलता है। इस लैपटॉप की प्री-बुकिंग शुरू हो चुकी है और आगामी 11 मार्च से यह एप्पल की आधिकारिक वेबसाइट व सभी अधिकृत रिटेलर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

### दमदार प्रोसेसर और शानदार डिस्प्ले

नए मैकबुक नियो में 13 इंच का बेहतरीन लिक्विड रेटिना आईपीएस डिस्प्ले दिया गया है, जो 219ppi पिक्सल डेंसिटी के साथ आता है। एप्पल का यह लेटेस्ट लैपटॉप आईफोन 16 सीरीज वाले ए18 प्रो चिप पर काम करता है, जो इसे मल्टीटास्किंग के लिए बेहद फास्ट बनाता है। कंपनी का दावा है कि यह इंटेल कोर अल्ट्रा 5 चिप वाले विंडोज पीसी के मुकाबले रोजमर्रा के कामों में 50 फीसदी तक और कुछ एआई (AI)



आधारित कार्यों में तीन गुना तक ज्यादा तेज परफॉर्मेंस देता है। मैकबुक एयर की तरह ही यह लैपटॉप भी लेटेस्ट मैकओएस ताहो (macOS Tahoe) ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है। इसमें 8 जीबी रैम के साथ 256 जीबी और 512 जीबी एसएसडी स्टोरेज के दो शानदार विकल्प मिलते हैं, हालांकि इसमें रैम को बाद में बढ़ाया नहीं जा सकता है।

### बेहतरीन बैटरी लाइफ और एडवांस फीचर्स

बजट फ्रेंडली होने के बावजूद एप्पल ने इस लैपटॉप के फीचर्स में कोई कंजूसी नहीं की है। इसमें 36.5Wh की बैटरी दी गई है, जिसे 20W के यूएसबी टाइप-सी एडॉप्टर से तेजी से चार्ज किया जा सकता है। कंपनी का दावा है कि एक बार फुल चार्ज होने पर यह मैकबुक 16 घंटे तक की वीडियो स्ट्रीमिंग या 11 घंटे तक की लगातार वेब ब्राउजिंग का बैकअप देता है। मात्र 1.23 किलोग्राम वजन वाले इस हल्के लैपटॉप में मल्टीटच ट्रैकपैड के साथ मैजिक कीबोर्ड और सुरक्षा के लिए टच आईडी (Touch ID) की सुविधा भी मौजूद है। इसके अलावा, बेहतरीन वीडियो कॉलिंग के लिए इसमें 1080p फेसटाइम एचडी वेबकैम, वॉयस आइसोलेशन, डॉल्बी एटमॉस के साथ डुअल स्पीकर सेटअप और वाई-फाई 6ई (Wi-Fi 6E) व ब्लूटूथ 6 जैसी बेहतरीन कनेक्टिविटी का सपोर्ट भी मिलता है।

### कीमत, आकर्षक ऑफर्स और कड़ा मुकाबला

एप्पल ने इस नए मैकबुक को ब्लश, सिट्रस, इंडिगो और सिल्वर जैसे चार बेहद खूबसूरत रंगों में बाजार में उतारा है। कीमत की बात करें तो इसके 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज वाले बेस वेरिएंट की कीमत 69,900 रुपये रखी गई है, जबकि 512 जीबी स्टोरेज वाले टॉप वेरिएंट की कीमत 79,900 रुपये तय की गई है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 42 पैसे की बढ़त के साथ ही 91.63 पर बंद हुआ। आज सुबह शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अपने सबसे निचले स्तर से उबर गया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 48 पैसे की बढ़त के साथ 91.57 पर रहा।विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी है। इसके चलते रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.30 के उच्च स्तर को छूने के बाद 91.57 पर कारोबार कर रहा था। इस तरह रुपया पिछले बंद भाव से 48 पैसे मजबूत था।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सुर्खियां बनाने की रणनीति

ज्यादा चर्चा गलगोटिया के गड़बड़झाले की ही हुई है, लेकिन बाकी अनेक निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति भी बेहतर नहीं है। उन्होंने भी वास्तविक अनुसंधान और आविष्कार पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय चौंकाने वाली सुर्खियां बनाने की रणनीति अपना रखी है।एआई समिट के दौरान गलगोटिया विश्वविद्यालय को लेकर उठे विवाद का अच्छा असर यह है कि इससे भारत में प्राइवेट यूनिवर्सिटीज के रंग-ढंग पर लोगों का ध्यान गया है। हालांकि मीडिया और सोशल मीडिया पर ज्यादा चर्चा गलगोटिया के गड़बड़झाले की ही हुई है, लेकिन इस ओर भी ध्यान गया है कि बाकी अनेक निजी विश्वविद्यालयों की स्थिति भी बेहतर नहीं है। उन विश्वविद्यालयों ने भी वास्तविक अनुसंधान और आविष्कार पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय बनावटी उपलब्धियों के जरिए चौंकाने वाली सुर्खियां बनाने की रणनीति अपना रखी है। बाजार में ये रणनीति दो लिहाज से कारगर रहती है। एक तो इससे दाखिले की दौड़ में शामिल छात्रों को लुभाने में कामयाबी मिलती है, दूसरे ये संस्थान सरकारी अनुदान का भी फायदा उठा ले जाते हैं।इसी मकसद से पेटेंट अर्जियों की संख्या को उन्होंने पैमाना बनाया है। इसे बढ़ा-चढ़ा कर प्रचारित किया जाता है कि संस्थान ने कितनी ऐसी अर्जियां दाखिल कीं। जबकि उन अर्जियों का अंजाम क्या हुआ, इसे छिपा लिया जाता है। मसलन, 2020 से 2025 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने 7,096 पेटेंट अर्जियां दाखिल कीं। मगर उनमें से सिर्फ 164 पर पेंटेट हासिल हुआ। मतलब 2.3 प्रतिशत अर्जियां ही सफल रहीं। कमोबेस यही हाल बाकी तमाम प्राइवेट यूनिवर्सटीज का भी है। अगर इनकी तुलना पहले से प्रतिष्ठित आईआईटी, एनआईटी या इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस जैसे सरकारी संस्थानों से की जाए, तो उनकी अर्जियों की संख्या काफी कम नजर आएगी, जबकि सफलता दर अतुलनीय रूप से ऊंची दिखेगी।2020-25 की अवधि में इन तमाम संस्थानों की सफलता दर 40 प्रतिशत से ऊपर रही। जाहिर है, ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि उन संस्थानों में अर्जी परीक्षण की ठोस व्यवस्था है। बहरहाल, अगर प्राइवेट यूनिवर्सिटीज ने पेटेंट मिलने के बजाय अर्जी को उपलब्धि का पैमाना बनाया है, तो इसके लिए वे अकेले दोषी नहीं हैं। भारत सरकार ने 2021 में पेंटेट कानून में संशोधन कर अर्जी दाखिल करना आसान बना दिया था। संभवत: इसलिए कि नरेंद्र मोदी सरकार भी कुछ हासिल करने के बजाय इम्प्रेशन बनाने को अधिक अहमियत देती है। नतीजा, एआई समिट के दौरान हुई बदनामी है। क्या सरकार इससे सबक लेगी?

# (विचार मंथन) झूठ पर गढ़े गए युद्ध के निराधार और भ्रामक दावे

**डॉ हिदायत अहमद खान**

बातचीत के दौरान एक झूठ का सहारा लेकर इजराइल और अमेरिका ने जिस तरह से ईरान पर हमला किया, उसी वक्त तनाव के बीच का संघर्ष मानों बेलगाम युद्ध में तब्दील हो गया। अब पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध केवल मिसाइलों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है, इसके समानांतर एक और खतरनाक युद्ध लड़ा जा रहा है, वह है सूचना और दुष्प्रचार की जंग। जब युद्ध के मैदान में धुआँ उठता है, तब अक्सर सच्चाई धुंध में छिप जाती है और अफवाहें, आधे-अधूरे तथ्य तथा झूठी खबरें जंगल में लगी आग की तरह तेजी से फैलने लगती हैं। भीड़ या समूह को भड़काने में इसका बेजा इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल हाल ही में एक अमेरिकी समाचार चैनल द्वारा यह दावा किया गया कि ईरान पर हमले के लिए अमेरिकी नौसेना भारतीय बंदरगाहों का उपयोग कर रही है। भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत इस खबर का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह झूठा और निराधार बताया। यह घटना बताती है कि युद्ध के समय भ्रामक सूचनाएँ किस प्रकार देशों के बीच अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती हैं। दरअसल, अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता संघर्ष पहले ही बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच चुका है। हजारों लोगों की जान जा चुकी है और युद्धविराम की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे माहौल में अगर किसी तीसरे देश को बिना किसी प्रमाण के युद्ध से जोड़ दिया जाए, तो उसके गंभीर कूटनीतिक और रणनीतिक परिणाम हो सकते हैं। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत लंबे समय से पश्चिम एशिया में संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता रहा है। भारत के ईरान, इजरायल और अमेरिका तीनों ही देशों से महत्वपूर्ण संबंध हैं। ऐसे में इस प्रकार के निराधार दावे भारत की तटस्थ और संतुलित नीति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी हो सकते हैं। खासतौर पर तब जबकि ईरान पर हमले से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे को लेकर तरह-तरह के भ्रामक दावे किए गए, बाद में इस पर भी स्पष्टीकरण आया और सभी दावे अफवाहें साबित हो गए। बहरहाल युद्ध के दौरान दुष्प्रचार का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि युद्ध के समय प्रचार और मनोवैज्ञानिक रणनीतियाँ सैन्य हथियारों जितनी ही महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं। आज डिजिटल युग में यह प्रवृत्ति और अधिक खतरनाक हो गई है, क्योंकि सोशल मीडिया और 24 घंटे चलने वाले कुछ समाचार चैनलों के कारण गलत जानकारी पलक झपकते ही दुनिया भर में फैल जाती है। कई बार तो ये खबरें बिना तथ्य के जांचे-परखे प्रसारित कर दी जाती हैं, जिससे भ्रम और अविश्वास का माहौल बन जाता है।



वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिकी नेतृत्व ने दावा किया है कि उसके सैन्य अभियान ने ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है और ईरान द्वारा किए जा रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों में भारी कमी आई है। वहीं दूसरी ओर ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य में सच्चाई का सही आकलन करना कठिन हो गया है, क्योंकि हर पक्ष अपनी-अपनी रणनीतिक कथा प्रस्तुत कर रहा है। इस युद्ध के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। पश्चिम एशिया की अस्थिरता का असर वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। ऊर्जा आपूर्ति, तेल और गैस के व्यापार तथा समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ रही है। चीन और रूस जैसे देश भी इस स्थिति को लेकर सतर्क दिखाई दे रहे हैं। चीन द्वारा रक्षा बजट में वृद्धि का निर्णय इसी व्यापक रणनीतिक अस्थिरता की ओर संकेत करता है। इसका अर्थ तो यही हुआ कि यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। अमेरिका के भीतर भी इस युद्ध को लेकर बहस तेज हो गई है। एक तरफ कुछ आलोचकों का मानना है कि बिना कांग्रेस की अनुमति के सैन्य कार्रवाई करना संवैधानिक सीमाओं को चुनौती देने जैसा है, वहीं दूसरी तरफ कुछ ने इसे सही कदम बताया है। यह विवाद दर्शाता है कि आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में युद्ध केवल सैन्य या कूटनीतिक मुद्दा नहीं होता, बल्कि राजनीतिक और कानूनी विमर्श का भी विषय बन जाता है।

इन सबके बीच सबसे बड़ी चुनौती यह है कि सूचना की विश्वसनीयता कैसे सुनिश्चित की जाए। जब समाचार और दुष्प्रचार के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब जनता के लिए सही और गलत में फर्क करना कठिन हो जाता है। इसलिए सरकारों, मीडिया संस्थानों और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे तथ्यों की पुष्टि के बिना किसी भी सूचना को स्वीकार न करें। भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा झूठे दावों का तुरंत खंडन करना इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह दर्शाता है कि आज के दौर में केवल सैन्य या कूटनीतिक तैयारी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सूचना युद्ध से निपटने के लिए भी सतर्क और सक्रिय रहना आवश्यक है। अंततः यह समझना होगा कि युद्ध का सबसे बड़ा शिकार केवल सैनिक या नागरिक नहीं होते, बल्कि सच भी होता है। जब झूठ और दुष्प्रचार को हथियार बना लिया जाता है, तब वैश्विक शांति और स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडराने लगता है। इसलिए आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय न केवल युद्ध को रोकने के प्रयास करे, बल्कि सूचना के क्षेत्र में भी जिम्मेदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा दे। तभी दुनिया को झूठ पर गढ़े गए युद्धों और उनके खतरनाक परिणामों से बचाया जा सकेगा।

## युद्ध नहीं आज शांति जरुरी

**संजय गोस्वामी**

जैसे ही आर्टिफिशल इंटेलीजेंट यानि कृत्रिम बुद्धिमता का प्रवेश हुआ वैसे ही युद्ध का दायरा इस कदर बढ़ा की अब परमाणु हमले की नौबत आ गई ईरान को अमेरिका से क्या लेना देना था लेकिन जबरन कूद गया विज्ञान की प्रगति के साथ विश्वभर में चारों ओर विकास ने नई करवट ली है। विकास के नित नये आयामों से सभी देश अपनी समृद्धि को तीव्र वेग से आगे बढ़ाने में जुट गये हैं। जिसके कई सुखद परिणाम भी सामने आये हैं। विज्ञान ने चिकित्सा स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, यातायात, दूरसंचार, युद्ध उपकरणों इत्यादि सभी क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है और इस ओर अभी भी वैज्ञानिकों का प्रयास जारी है। इस कारण आधुनिक भौतिक साधनों ने इन्सानों का जीवन ही बदल दिया है। सभी देश विज्ञान के आधार पर अपने देश को प्रगतिशील,समृद्धशाली, शक्तिशाली बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस होड़ अर्थात् प्रतिस्पर्धा को लेकर सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्रा-शस्त्रों का उत्पादन करने में जुट गये हैं।अमेरिका और ईरान के युद्ध में निर्दोष नागरिकों की बहुत अधिक संख्या में जान जा रही है अस्त्र-शस्त्रों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण सम्पूर्ण विश्व चिंतन के सागर में डूबा हुआ है। इससे बचने के लिये सभी देश, जो स्वयं अपनी सुरक्षा के लिये चिंतित होने पर भी अस्त्रा-शस्त्रा के भंडारण में जुटे हुए होने के बाद भी विश्व शान्ति के लिये नि:शस्त्रीकरण का राग अलापते थकनहीं रहे हैं।विध्वंशकारी अस्त्र-शस्त्रों से विनाश की स्थिति को जानते हुए भी कई देशों ने एक-दूसरे देश पर आक्रमण कर विनाश लीला का खुला तांडव खेला है। जिसके दुष्परिणामों ने असंख्य इन्सानों की जान ली है। वहाँ अनगिनत देश की समृद्धि की झलक दिखाने वाले निर्माण कार्यों को विध्वंश कर दिया है। चारों ओर तबाही मचाने में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी है। विकास को विनाश में बदल दिया है। इस आक्रमणकारी नीति से बचने के लिये सभी अपने देश में शान्ति, खुशहाली, समृद्धि के पक्ष में नि:शस्त्रीकरण की फिराक में रहते हैं और इसके लिए सभी देशों का जन समर्थन जुटाने में कटिबद्ध हैं। क्योंकि सभी को विनाश का खतरा सामने दिखाई देता है। आज दुनिया परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहा है इसके परिणाम हम सभी जानते हैं 76 साल पहले 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर दुनिया का पहला परमाणु बम हमला किया था. इसके तीन दिन बाद जापान के ही नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया।

# 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार

हरिशंकर व्यास

कैसे दिल्ली एआई शिखर समिट भारत बिक्री का मेला था? पहली बात दुनिया ने जाना कि 140 करोड़ लोगों का देश मात्र एक बाजार है। उसकी बड़ी-बड़ी बातें, बड़े-बड़े मंहगे विश्वविद्यालय नकल की भी अक्ल लिए हुए नही हैं। डिग्रीधारी, रट्टामार इंजीनियरों, कर्मयोगियों की भीड़ है मगर कुशल एआई शोधकर्ताओं की संख्या तीन सौ से भी कम है। दुनिया की कथित तीसरी बड़ी आर्थिकी इतनी पोली और कड़की है जो वह अनुसंधान-विकास पर जीडीपी का सिर्फ 0.7 फीसदी खर्च करती है। पूरी भीड, पूरा बाजार और कंपनियां सभी विदेशी उत्पाद, मॉडल तथा ऐप के बूते जिंदा है। दुनिया में बाकी जगह कंपनियां कम से कम एआई उपयोग की कोशिश करती हैं वही भारत की 92 प्रतिशत कंपनियां विदेशी एआई मॉडल अपना चुकी हैं। टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबला हुआ तो उसके 45 करोड़ दर्शकों के बीच बेचने का सर्वाधिक विज्ञापन स्लॉट चैटजीपीटी का था। मतलब चैटजीपीटी भारत से सर्वाधिक कमाई का रोडमैप बनाए हुए है।

तभी दुनिया की हर बड़ी कंपनी का टेक दिग्गज दिल्ली के मेले में दौड़ा आया। सब एकत्र हुए। और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक कंपनियों के इन प्रमुखों के हाथ अपने साथ ऊपर उठवा कर मैसेज दिया देखो मेरे साथ भारत के खरीदारों का यह जमावड़ा। वैश्विक खरबपतियों ने मेरे से कितनी उम्मीदे पाली हुई है?

मुझे मेरा ही देखा वह समय याद हो आया जब पिछली आईटी क्रांति में माइक्रोसॉफ्ट कंपनी अपने प्रोडक्ट की सरकारी बिक्री बढ़वाने के लिए डेमो, कार्यशालाएं आयोजत करती थी। तब भारत में बेचने का वह मार्केटिंग तंत्र था, जिससे प्रोडक्ट प्रस्तुति, डिप्लोमा कोर्स, सरकारी अनुबंध-बिक्री का लंबा-चौड़ा मार्केटिंग अभियान चला था। वैसा ही अब वैश्विक अमेरिकी कंपनियां अपना जाल, अपना नेटवर्क, अपनी चेन में 140 करोड़ की भीड को बंधक बनाने का ब्लूप्रिंट लिए हुए हैं। मैं सन् 1996 से लिखता आ रहा हूं कि भारत आईटी कुली पैदा करने के अलावा अपना कुछ भी नहीं बना रहा। सोचें, भारत सरकार, प्रदेश सरकारों, जनता सब कैसे माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस प्रोडक्ट, गूगल ईमेल, सर्च इंजिन, व्हाट्सऐप पर स्थायी आश्रित हो चुके है। आगे अमेरिकी एआई पर होंगे।

नया फेज एआई क्रांति है। दिमाग भन्ना गया यह सुन कर कि गूगल के सुंदर पिचई ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी को पट्टी पढ़ाई और विश्वगुरू मोदी ने उन्हें एक 'कर्मयोगी' का जुमला दिया तो गूगल ने मौका लपका। भारत उद्धार की झांकी बनाते हुए दो करोड़ सरकारी कर्माचारियों को एआई के कृत्रिम दिमाग को अपनाने की ट्रेनिंग देने का ऐलान किया। सोचें, पहली बात, भारत का सरकारी कर्मचारी यदि 'कर्मयोगी' होता तो भारत का नागरिक लूटता और भारत मात्र बाजार बना होता? दूसरी बात, ये कर्मचारी पहले से ही सोशल मीडिया (वह भी तो प्रतिदिन सात घंटे ऑनलाइन का प्रतिनिधि है) से टाइमपास करते है तो दफ्तरों में मान्य चैटजीपीटी या गूगल चैट की सरकारी वैधता के बाद कर्मचारी क्या करेंगे? पूरी सरकार (मोदी के पीएमओ से लेकर पटवारी तक) इस फॉर्मूले में एआई का उपयोग करेंगे- एआई बताओं, लिखों राजस्व बढ़ाने का एक नोट, या लोगों को झूठ, भय, भूख, भक्ति में बांधने के उपाय! या लिखे डराने, धमकाने वाला नोटिस, सम्मन, एफआईआर, चार्जशीट का ऐसा मसौदा, जिसे पढ़ कर वकील के भी होश उड़ जाए! और नागरिक रिश्वत ले कर दौड़ा-दौड़ा आए!

चेक करो फलां नागरिक के दिमाग का खाता, वह हजारों में रिश्वत देने में समर्थ है या लाखों-करोड़ों में! वसूली में किसकी, कैसी हैसियत है?

पता है गूगल ने प्रधानमंत्री से यह भी वायदा किया है कि कंपनी सीधे अमेरिका- भारत के जुडाव के लिए समुद्र में केबल बिछाएगी। भला क्यों? ताकि गूगल या अन्य अमेरिकी कंपनियां डायरेक्ट केबल लिंक से भारत में बेचने का अपना ट्रैफिक, भारत से लूट की कमाई की प्राप्ति का आधुनिकतम पक्का रूप बना लें। सुंदर पिचई ने आंध्रप्रदेश के चंद्रबाबू नायडू, सरकार के माईबाप जगत सेठ अडानी को भी पटा कर यह बड़ा ऐलान, सौदा पकवा दिया है कि गूगल भारत में विशाल डेटा सेंटर बनाएगी! किसलिए यह इंफ्रास्ट्रक्चर ताकि सरकार, अडानी, अमेरिकी कंपनी बाजार की प्रोसेसिंग मतलब नियंत्रक, रेवेन्यू ट्रांसफर आदि सभी पहलुओं में स्वदेशी इंफ्रास्ट्रक्चर से बेधड़क काम करती रहे।




मेष राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। बहुत दिनों से पेंडिंग परीक्षा का परिणाम आ सकता है। आज के दिन योजनाबद्ध और एकाग्र चित्त होकर किया गया कार्य सफल अवश्य होगा। इस राशि के जातको को धर्मिक यात्रा करने के योग भी बन रहे हैं।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष धार्मिक आयोजन में जाने का मौका मिलेगा यहां नया सीखने को मिलेगा। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए नई योजना बनायेंगे। आज अपनी व्यक्तिगत चीजों को किसी से भी शेयर ना करें।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिल सकता है। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है अत: अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखना भी जरुरी है।

कर्क राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण पारिवारिक मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। व्यवसायिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित आज सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको स्वास्थ्य बेहतर महसूस करेंगे। नेगेटिव थिंकिंग से बचें। बिजनेस के सिलसिले में यात्रा करना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में किये गये कार्य अवश्य सफल होंगे। बड़े भाई से किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों श्रमदान करेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान तथा आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम कम प्रयास से भी बन जाएंगे। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित अधूरा कार्य आज पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है। इस राशि के दुकानदारों को ऑनलाइन मोबाइल से बड़ा ऑर्डर मिलने की उम्मीद है इसलिए अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक मजबूत करने में ध्यान लगाएंगे। आज आपकी कम्पनी को सरकार से महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मिलने पर आर्थिक मंदी से राहत मिलेगी।

धनु राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से पूरे हो जाएंगे। आपके दादा दादी आपके कार्यकुशलता और व्यवहार को देखते हुए नयी जिम्मीदारिया देंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। इस राशि के रिसर्च स्कालर्स को आज नयी उपलब्धियां हासिल करने के शुभ योग है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से सफलता अवश्य मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेग और यह समय भी अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है।

कुम्भ राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। अपनी बौद्धिक क्षमता तथा व्यवहार कुशलता अपने कार्यक्षेत्र में नया मुकाम बनायेंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजकीय कामकाज में आर ही बाधाएं आज समाप्त हो जाएंगी। पहले की अपेक्षा आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा।

# लोगों को मूर्ख बनाने का मौका

अजीत द्विवेदी

बिहार में कोई काम नहीं है। सचमुच कोई काम नहीं है। शराबबंदी ने जरूर कुछ लोगों को काम पर लगाया है, जैसे स्कूली बच्चे और बच्चियां अपने स्कूल बैग में शराब की बोतलें ढो रहे हैं। जमीन के कारोबार में भी कुछ भी लोग लगे हैं। हालांकि इनमें भी ज्यादातर काम फर्जीवाड़े का है। जिन लोगों के पास सरकारी नौकरी है उनकी बात छोड़ दें तो अधिकतर परिवार खेती पर आश्रित हैं। घरों में बूढ़े बचे हुए हैं, जो बाहर कमाने वाले अपने बच्चों की ओर से पैसे आने का इंतजार कर रहे होते हैं।

लगभग हर परिवार से एक या उससे ज्यादा व्यक्ति बाहर हैं। जो गरीब है, अक्षम है उसके बच्चे कमाने गए हैं और जो सक्षम है उसके बच्चे पढ़ने गए हैं या पढ़ लिख कर बाहर ही सेटल हो गए हैं। भयावह स्थिति है बिहार में। लेकिन सरकार के मुखिया नीतीश कुमार पूरी तरह से गाफिल हैं। उनको न अपनी सुध बुध है और न सरकार की। उनके बदले में जो लोग सरकार चला रहे हैं सब सत्तालोलुप और स्वार्थी लोग हैं, जिन्हें बिहार की बेहतरी से कोई मतलब नहीं है।

वैसे बिहार की यह दुर्दशा पिछले करीब चार दशक से है लेकिन अब स्थिति और खराब हो गई है। लेकिन इसमें भी नेता बिहार के लोगों को मूर्ख बनाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। पिछले साल दिसंबर में जब एनडीए को दो सौ सीटों से ज्यादा का बहुमत मिला और सरकार बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में बिहार में सेमीकंडक्टर हब बनाने, आईटी सिटी बनाने, सेटेलाइट शहर विकसित करने जैसे बड़े प्रस्ताव पास किए गए। लोगों को लगा कि अब उनका जीवन बदलने वाला है। लेकिन बजट आया तो उसमें ऐसा कुछ नहीं था, जिससे लगे कि बिहार में कुछ बदलने का प्रयास होगा। अगले साल का बिहार का बजट तीन लाख 47 हजार करोड़ रुपए का है, जिसमें से 74 फीसदी हिस्सा केंद्रीय करों में हिस्से के रूप में और केंद्र से अनुदान के रूप में मिलेगा।

सोचें, बिहार अपने राजस्व से अपने बजट का सिर्फ 26 फीसदी हिस्सा जुटा पाता है। इसमें भी टैक्स और नॉन टैक्स राजस्व कुल 65 हजार करोड़ रुपए का ही है। बिहार पर चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज है। सरकार का सारा पैसा वेतन, भत्ते, पेंशन, कर्ज का ब्याज आदि चुकाने में खर्च होता है। सरकार के पास राजस्व बढ़ाने की कोई दृष्टि नहीं है और न कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति है। नीति आयोग के आंकड़ों की याद दिलाने की जरुरत नहीं है कि विकास के हर मानक पर बिहार सबसे नीचे है।

ऐसी वित्तीय स्थिति वाले राज्य में जब नया हवाईअड्डा बनाने की बात सुनाई दे तो कैसा महसूस होगा? बिहार के लोग राजनीतिक रूप से बहुत जागरूक बताए जाते हैं। लेकिन पता नहीं ऐसे मामलों में उनकी जागरूकता कहां चली जाती है? पिछले दिनों बिहार सरकार ने कैबिनेट की बैठक में पटना से सटे सोनपुर में एक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण का ऐलान किया। कहा गया कि इसके लिए 42 सौ एकड़ जमीन का अधिग्रहण होगा। जमीन अधिग्रहण के लिए 1,302 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। दावा किया गया कि यह नवी मुंबई के एयरपोर्ट की तरह होगा। सोनपुर में प्रस्तावित हवाईअड्डे का बजट चार हजार करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा का है।सवाल है कि बिहार जैसे राज्य की प्राथमिकता में पटना के बगल में एक और हवाईअड्डा बनाने की बात कैसे आ सकती है? किसी भी समझदार और बिहार के प्रति ईमानदारी व्यक्ति को बिहार के लिए जरूरी एक हजार कामों की सूची बनाने को कहा जाए तो उसमें भी हवाईअड्डे को निर्माण को जगह नहीं मिलेगी। लेकिन यहां सरकार की पहली प्राथमिकता हवाईअड्डा बनाने की दिख रही है!यह कितना गैरजरूरी है इसे बिहार के हवाईअड्डों की स्थिति और हवाई यात्रियों की संख्या से समझा जा सकता है। सोनपुर में जहां नया हवाईअड्डा प्रस्तावित किया गया है वह पटना हवाईअड्डे से अधिकतम 25 किलोमीटर की दूरी पर है। सो, पहला सवाल तो यही है कि पटना हवाईअड्डे से 25 किलोमीटर दूर एक और हवाईअड्डा क्यों बनाना है? क्या पटना हवाई ट्रैफिक का लोड नहीं उठा पा रहा है?

क्या सोनपुर कोई बड़ा औद्योगिक शहर है, जहां दुनिया भर से लोग आते हैं और जहां से लाखों टन माल की आपूर्ति होती है? सोनपुर क्या कोई गिफ्ट सिटी है? कोई साइबर सिटी है? ऐसा कुछ नहीं है! फिर भी वहां ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का प्रस्ताव है, जिसे 2030 तक बना देना है। हालांकि सबको पता है कि कुछ नहीं होगा। कोई हवाईअड्डा नहीं बनेगा। सिर्फ इतना होगा कि आसपास की जमीनें महंगी हो जाएंगी और कुछ शरीफ लोग जमीनों में फर्जीवाड़ा करने वालों के जाल में फंस जाएंगे।

ऐसा मानने के कई कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि बिहार में हवाई जहाज पर चढ़ने वाले लोगों की संख्या बहुत कम है। पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से हर दिन नौ से 10 हजार लोग औसतन सफर करते हैं। राज्य के दूसरे सबसे बड़े एयरपोर्ट दरभंगा हवाईअड्डे से हर दिन दो से ढाई हजार लोग सफर करते हैं। सोचें, यह उत्तर बिहार का इकलौता एयरपोर्ट है। तिरहुत और सारण दोनों कमिश्नरी के अलावा कोशी का पूरा इलाके इसके दायरे में आता है। बिहार चुनाव से पहले पूर्णिया में हवाईअड्डा बना। वहां का रोज का ट्रैफिक पांच से सात सौ यात्रियों का है। वहां प्री फैब्रिकेटेड मैटेरियल से हवाईअड्डा बना हुआ है। दोनों हवाईअड्डों पर बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं।पटना से दूसरी तरफ चलेंगे तो बिहटा में हवाईअड्डा बनने की बात बरसों से चल रही है तो गया का इंटरनेशनल एयरपोर्ट चल रहा है। गया जैसे शहर में, जहां पूरे दक्षिण बिहार का इकलौता हवाईअड्डा है और बोधगया, राजगीर जैसे टूरिस्ट प्लेस हैं, बौद्ध धर्म का सबसे बड़ा तीर्थस्थल है और फिर भी गिनती की उड़ानें संचालित होती हैं। वहां कुल नौ सौ से एक हजार यात्री हर दिन सफर करते हैं। इस तरह राज्य में संचालित चार हवाईअड्डों से औसतन 13 से 14 हजार लोग हर दिन सफर करते हैं यानी महीने में चार लाख और साल में 50 लाख से कुछ कम।

# कनाडाई पीएम ने कहा- पीएम मोदी बहुत अलग हैं उन्होने 25 साल में एक बार भी छुट्टी नहीं ली

नई दिल्ली(ए.)। कभी कनाडा और भारत के बीच तनातनी चल रही थी। अब दोनों देश एक दूसरे की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में भारत की यात्रा पर आए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि ये प्रधानमंत्रीजी बहुत अलग हैं उन्होंने बीते 25 सालों में कभी एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। वे सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रसेवा को महत्व देते हैं।कार्नी ने एक कार्यक्रम में अपने हालिया भारत दौरे और पीएम मोदी से मुलाकात को याद करते हुए कहा कि मोदी की कार्यशैली और काम के प्रति उनका समर्पण बेहद अलग है। उन्होंने कहा- 'यह व्यक्ति अलग तरह का है।गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले 25 वर्षों में उन्होंने एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है।कनाडाई प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी हर हफ्ते के अंत में चुनाव प्रचार में निकल जाते हैं और उनकी रैलियों में लाखों लोग पहुंचते हैं। कार्नी ने कहा कि कई बार एक रैली में करीब ढाई लाख लोग तक मौजूद रहते हैं, जो उनकी लोकप्रियता को दिखाता है। कार्नी ने पीएम मोदी की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा



कि वह खास तौर पर ग्रामीण आबादी के लिए काम करने पर ध्यान देते हैं। दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी हाल ही में भारत दौरे पर आए थे। यह दौरा ऐसे समय हुआ जब पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण रहे थे। कार्नी की यह यात्रा भारत-कनाडा संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने तकनीक, ऊर्जा, रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े कई समझौतों पर दस्तखत किए। अपने संबोधन में कार्नी ने कहा कि भारत और कनाडा के रिश्ते अब नई साझेदारी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसी दिशा में कनाडा की कंपनी कैमेको ने भारत को लंबे समय तक यूरेनियम सप्लाई करने का समझौता भी किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कार्नी के दौरे को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह भारत और कनाडा के रिश्तों के लिए एक नया मील का पत्थर है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल जी 7 बैठक के दौरान कार्नी ने कनाडा में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया था और अब भारत में उन्हें उसी गर्मजोशी से स्वागत करने का मौका मिला है। कार्नी ने यह भी कहा कि कनाडा में करीब 20 लाख लोग भारतीय मूल के हैं, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और मजबूत होते हैं।

## भाई-बहन ने युवक को चाकू से गोदा, मौत



लखनऊ (ए.)। राजधानी लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र के बेगरिया इलाके में होली का त्योहार खूनी संघर्ष बन गया। बुधवार शाम करीब पांच बजे सड़क पर मामूली गाली-गलौज ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि पड़ोस में रहने वाले मोहित तिवारी, उसकी बहन शिवानी और मां रंजना ने मिलकर सूरज गौतम की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक पिता राजेंद्र गौतम को बचाने दौड़ा था, लेकिन तीनों ने उस पर ताबड़तोड़ वार किए।

घटना के अनुसार, राजेंद्र गौतम घर के सामने सड़क पर पड़ोसी निशु से बात कर रहे थे। तभी मोहित तिवारी मोटरसाइकिल पर आया और अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी। पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। राजेंद्र ने मना किया तो मोहित हाथापाई करने लगा। शोर सुनकर मोहित की मां रंजना और बहन शिवानी भी पहुंच गईं। तीनों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में राजेंद्र का बेटा सूरज गौतम दौड़कर आया। आरोप है कि शिवानी घर से चाकू लेकर आई और सूरज के पेट व शरीर पर कई बार वार कर दिए। मोहित और मां रंजना ने भी हमला किया। सूरज लहूलुहान होकर गिर पड़ा। परिजनों ने उसे तुरंत ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी बहन शिवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि मोहित और मां रंजना पर भी कार्रवाई जारी है।

## कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में होली मिलन कार्यक्रम

रायपुर,(ए.)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में होली मिलन कार्यक्रम पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) मनोज दयाल ने सभी प्राध्यापकों, अतिथि व्याख्याताओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित विश्वविद्यालय परिवार को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने विश्वविद्यालय के 'रेडियो संवाद' के माध्यम से भी होली पर्व पर अपना शुभकामना संदेश प्रसारित किया। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगों के इस पर्व का आनंद लिया

कुलपति प्रो. दयाल ने कहा कि रंगों का यह पावन पर्व समाज में प्रेम, भाईचारे, समरसता और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार ही नहीं, बल्कि कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर भी है।

उन्होंने सभी से अपील की कि त्योहार को स्वदेशी जीवन शैली के अनुरूप मनाते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखें कि किसी को किसी प्रकार की असुविधा या कष्ट न पहुंचे। कुलपति ने कामना की कि होली का यह पर्व विश्वविद्यालय परिवार तथा विद्यार्थियों के जीवन में नई ऊर्जा, नई उम्मीद और नई उमंग लेकर आए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा सहित सभी प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नकली पुलिस कर रही थी क्रिप्टो डील का ड्रामा



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली पुलिस ने नकली पुलिस बनकर क्रिप्टो डील के बहाने लूट करने वाले इंटरस्टेट गैंग का पर्दाफाश किया है। चार आरोपी गिरफ्तार हुए हैं और उनके पास से नकदी व बाइक बरामद हुई है। दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे इंटरस्टेट गैंग का पर्दाफाश किया है, जो लोगों को क्रिप्टो करेंसी बेचने का लालच देकर बुलाता था और फिर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डराकर नकदी लूट लेता था। दिल्ली पुलिस की टीम ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की पहचान अनीश खान, सौद आलम, मोहम्मद हारून और अब्दुल कादिर उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। इनके कब्जे से लूट की रकम में से हजारों रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं। दिल्ली पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 24 फरवरी को सराय रोहिल्ला निवासी एक व्यक्ति को सस्ती दर पर क्रिप्टो बेचने का झांसा देकर नेताजी सुभाष प्लेस बुलाया। वहां पहुंचने पर आरोपियों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उसे डराया और जबरन नकदी लूटकर फरार हो गए। शुरुआत में मामला स्नैचिंग का लगा, लेकिन पीड़ित के पूरक बयान के बाद खुलासा हुआ कि यह पूरी तरह से प्लान की गई लूट थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में से 3 पहले से ही आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। अनीश खान थाना आदर्श नगर का घोषित बैड कैरेक्टर है और उसके खिलाफ लूट, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और चोरी सहित कई केस दर्ज हैं।

## भतीजे ने चाची की गोली मारकर की हत्या

मेरठ (ए.)। यूपी के मेरठ जिले के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर में पारिवारिक विवाद के चलते एक भतीजे ने अपनी सगी चाची को तमंचे से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार



सुबह करीब 9:30 बजे घर के सदस्य अपने-अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान आरोपी शिवा अचानक कमरे में पहुंचा और अपनी चाची पूजा त्यागी (32) की कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी। गोली लगने से पूजा गंभीर रूप से घायल होकर फर्श पर गिर गईं और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।

गोली चलने की आवाज सुनकर मृतका के पति धर्मेंद्र त्यागी बेडरूम में पहुंचे तो पत्नी लहूलुहान हालत में पड़ी थीं। वहीं आरोपी शिवा हाथ में तमंचा लेकर मौके से भागता हुआ दिखाई दिया। परिजनों ने पूजा को संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सीधे मवाना थाने पहुंचा और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी चाची से अक्सर कहासुनी और झगड़ा होता रहता था। करीब आठ महीने पहले उसकी मां की मौत हो गई थी, जिसके बाद वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। इसी गुस्से में उसने यह कदम उठा लिया।

## बिहान योजना से खिला रत्ना का भविष्य- फूलों की खेती से बनीं सफल उद्यमी

रायपुर,(ए.)। छत्तीसगढ़ शासन की 'बिहान' (छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन) योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी योजना से जुड़कर सरगुजा जिले के अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत डिगमा की निवासी श्रीमती रत्ना मजुमदार आज सैकड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। अपनी मेहनत और सरकारी सहयोग से उन्होंने न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की, बल्कि एक सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचान भी बनाई है।

रत्ना मजुमदार बताती हैं कि उनके ससुर पहले से ही छोटे स्तर पर फूलों की खेती करते थे। 'माँ महामाया स्व-सहायता समूह' से जुड़ने के बाद उन्होंने इस पारंपरिक कार्य को व्यवसाय का रूप देने का निर्णय लिया। समूह के माध्यम से उन्होंने पहली बार एक लाख रुपये का ऋण लिया और एक एकड़ भूमि में आधुनिक तकनीक से फूलों की खेती शुरू की। मेहनत और लगन के चलते आज वे दो एकड़ भूमि में सफलतापूर्वक फूलों का उत्पादन कर रही हैं।



रत्ना ने खेती में आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया है। वे उन्नत किस्म के पौधे कोलकाता से मंगवाती हैं, जो मात्र 24 दिनों में फूल देना शुरू कर देते हैं और लगभग तीन महीनों तक लगातार उत्पादन देते हैं। खेतों में 'ड्रिप इरिगेशन' (टपक सिंचाई) प्रणाली का उपयोग किया जाता है, जिससे जल संरक्षण के साथ पौधों को पर्याप्त पोषण भी मिलता है। वर्तमान में वे गेंदा फूल की तीन प्रमुख किस्में-लाल, नारंगी और पीला उगा रही हैं। इसके अलावा सर्दियों के मौसम में 'चेरी' की खेती भी करती हैं।रत्ना के अनुसार नवरात्रि, शिवरात्रि, रामनवमी और दीपावली जैसे पर्वों के दौरान बाजार में फूलों की मांग काफी बढ़ जाती है, जिससे अच्छी कीमत मिलती है। सामान्य दिनों में दरें कम होने के बावजूद वैज्ञानिक खेती के कारण उन्हें सालभर लाभ मिलता रहता है। उन्होंने समूह से लिया गया ऋण समय पर चुका दिया है और अब अपनी आय का निवेश खेती के विस्तार में कर रही हैं।अपनी सफलता का श्रेय रत्ना मजुमदार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को दिया है। उनका कहना है कि 'बिहान' योजना से जुड़कर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का अवसर मिला है। सरकार से मिले ऋण और मार्गदर्शन ने उन्हें नई पहचान दिलाई है। बिहान योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक परिवर्तन की नई कहानी लिखी जा रही है। रत्ना मजुमदार जैसी स्वावलंबी महिलाएँ विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## रिठाला में 50 झुग्गियां जलकर खाक

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास झुग्गी बस्ती में गुरुवार तड़के भीषण आग लगने से करीब 50 झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। आग बुझाने के बाद मलबे में एक लड़की का जला हुआ शव मिला, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया। दमकल की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दिल्ली में दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की वजह से कुल 3 लोग जिंदा जल गए। दमकल विभाग के मुताबिक होली के दिन सदर बाजार इलाके में बिल्डिंग की आग लगी थी। इस हादसे में 2 लोगों की आग में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई थी। जबकि गुरुवार की सुबह रिठाला इलाके में झुग्गियों लगी आग में एक लड़की की जिंदा जलकर मौत हो गई। दमकल विभाग ने लड़की के शव को बाहर निकाल लिया है। दिल्ली के



रिठाला इलाके में गुरुवार तड़के झुग्गी बस्ती में भीषण आग लगने से करीब 50 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। घटना रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 4ः15 बजे झुग्गियों में आग लगने की सूचना दिल्ली अग्निशमन सेवा को मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब 15 से 16 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। घनी बस्ती होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते कई झुग्गियां उसकी चपेट में आ गईं।

## खामेनेई की मौत पर कश्मीर में उबाल, महबूबा ने अमेरिकी और इजरायली नेताओं के पुतले फूंके

जम्मू,(ए.)। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत और तेहरान पर हुए भीषण हमलों की गूंज अब कश्मीर की वादियों में पुरजोर तरीके से सुनाई दे रही है। इस घटनाक्रम ने घाटी के राजनीतिक और सामाजिक माहौल में भारी तनाव पैदा कर दिया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में एक विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बुराई की ताकत करार दिया और उनके पोस्टरों को आग के हवाले कर दिया।

महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार के रुख पर तीखा हमला बोलते हुए गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अब तक न तो इन हमलों की निंदा की है और न ही ईरान की जनता के प्रति कोई सहानुभूति दिखाई है। भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों का हवाला देते हुए उन्होंने याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन किया है, जबकि अन्य कई मुस्लिम देश उस समय पाकिस्तान के पाले में खड़े थे। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जब भारत कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा था, तब ईरान ने ही संकट के समय कर्ज पर तेल देकर भारत की मदद की थी। उन्होंने कहा कि ऐसे वफादार दोस्त के मुश्किल वक्त में भारतीय नेतृत्व की खामोशी अत्यंत दुखद है। विरोध प्रदर्शन के दौरान महबूबा मुफ्ती ने वर्तमान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने प्रशासन द्वारा श्रीनगर के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी और पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को तुरंत वापस लेने की मांग की। महबूबा ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों में विरोध प्रदर्शन करने वाली कई युवा लड़कियों और आम नागरिकों को हिरासत में लेकर जेल में डाल दिया गया है।

## वंचित परिवार के कष्ट भरे जीवन में सपनों की हकीकत बनकर आया प्रधानमंत्री आवास

रायपुर (ए.)। प्रत्येक जनहितकारी योजना का लाभ यदि वास्तविक लाभार्थी तक पहुंचता है तो उसका एक अलग ही परिणाम देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री आवास जैसी योजना का दायरा उन तमाम वंचित परिवारों को राहत की छांव देने का माध्यम बन रहा है, जिनके सपनों में भी पक्के छत का आसरा नहीं था। कोरिया जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत भांड़ी में रहने वाले ऐसे ही एक वंचित परिवार के लिए उनका पक्का आवास का सपना हकीकत में बदल चुका है।

कोरिया के जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भांडी में रहने वाली श्रीमती जलकी रानी अपने पति दुलार साय और दो बच्चों यानी कुल चार बच्चों के साथ एक कच्चे मकान में जीवन यापन कर रही थीं। मिट्टी की दीवारें, बारिश के दौरान टपकती खपरैल और हर बिगड़ते मौसम में बच्चों की सुरक्षा की चिंता यही उनकी रोजमर्रा की सच्चाई बन चुकी थी। बरसात में घर के भीतर पानी भर जाता, गर्मी में तपती छत और सर्दी में ठंडी हवाएँ दैनिक जीवन संघर्ष में परिवार की परेशानियाँ और बढ़ा देती थीं।

श्रीमती जलकी रानी के वंचित परिवार की आय का मुख्य स्रोत मजदूरी है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मनरेगा जैसी योजना के माध्यम से उन्हे सौ दिवस के रोजगार के बाद अन्य किसानों के खेतों में मजदूरी कर किसी तरह अपने बच्चों का पालन-पोषण करते थे। मजदूरी से मिलने वाली सीमित आय और परिवार में बच्चों की बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच इस दंपत्ति का जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण होने से उनके लिए पक्के मकान का सपना केवल सपने जैसा ही था।



इस परिवार के दैनिक जीवन में आशा की एक नई किरण के रूप में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत उन्हें पक्के घर की स्वीकृति मिली। यह उनके लिए किसी सपने के सच होने से कम नहीं थी। स्वीकृति मिलने के बाद जलकी रानी और दुलार साय ने पूरे मन से घर बनाने का कार्य शुरू किया और मनरेगा में काम करने से नब्बे दिन की मजदूरी राशि को भी अपने घर निर्माण में लगाया। दोनो पति पत्नी के द्वारा आवास बनाने के लिए निर्माण कार्य में हाथ बंटाया और उन्होंने अपने सपनों का घर खड़ा किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत श्रीमती जलकी रानी के परिवार के लिए वह दिन आया जब कच्चे मकान की जगह एक मजबूत सपनों की हकीकत लिए एक पक्का घर खड़ा है। पक्की छत के नीचे पूरा परिवार सुरक्षित और खुशहाल महसूस कर रहा है अब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान है और माता-पिता की आँखों में संतोष का भाव। खुश होकर जलकी रानी कहती हैं कि यह घर केवल उनकी मेहनत और आवास योजना से पूरे हुए सपनों का प्रतीक है।

## 'आश्रम' की पम्मी पहलवान लगीं साड़ी में बला की खूबसूरत, अदिति पोहनकर साड़ी में ढाती हैं कहर, ये अदाएं जीत लेंगी दिल



बाबा निराला से पंगा लेने वाली पम्मी पहलवान साड़ी में कहर ढाती हैं. जी हां हम बात कर रहे है आश्रम वेब सीरीज़ की पम्मी पहलवान एक्ट्रेस अदिति पोहनकर की. जो अपनी ग्लैमरस और स्टाइलिश साड़ी लुक्स के लिए जानी जाती हैं. जो अक्सर ट्रेडिशनल और मॉडर्न टच का मेल होती हैं. जिनमें उनके डिज़ाइनर ब्लाउज और अलग-अलग साड़ी स्टाइल बहुत पसंद किए जाते हैं, और उनके ये लुक्स अक्सर सोशल मीडिया और एंटरटेनमेंट साइट्स पर सुर्खियां बटोरते हैं. पम्मी पहलवान का किरदार अदिति पोहनकर निभाती हैं, जो बाबा निराला से लोहा लेती हैं. अपनी मजबूती के साथ-साथ खूबसूरती के लिए भी मशहूर हैं. वह साड़ी में बेहद खूबसूरत लगती हैं और उनके ब्लाउज के डिज़ाइन काफी ट्रेंड करते हैं. उनकी फोटोज और साड़ी लुक्स अक्सर वायरल होते हैं और फैंस उन्हें कॉपी करना पसंद करते हैं.

# विजय-रश्मिका की राणाबली का गाना ओ मेरे साजन हुआ रिलीज, रोमांस करता नजर आया न्यूली वेड कपल



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के प्रशंसकों के लिए दोहरी खुशी का मौका है। इस जोड़ी ने असल जिंदगी में शादी के बंधन में बंधकर अपने नए सफर की शुरुआत कर दी है। अब इस मौके पर उनकी आगामी फिल्म राणाबाली के निर्माताओं ने एक बड़ा सरप्राइज देते हुए फिल्म का रोमांटिक गाना ओ मेरे साजन रिलीज कर दिया है। वीडियो न केवल फिल्म का हिस्सा है, बल्कि विजय-रश्मिका के नए वैवाहिक जीवन के लिए एक खूबसूरत तोहफा भी है।

ओ मेरे साजन रश्मिका (जायम्मा) और विजय (राणाबाली) के किरदारों की शादी की तैयारियों से शुरू होता है। पारंपरिक शादी के लिबास में सजे विजय और रश्मिका की घर में भव्य एंट्री दिखाई गई है, जो बेहद राजसी लगती है। वीडियो में उनके वैवाहिक जीवन की छोटी-छोटी झलकियां और प्यार भरे पलों को खूबसूरती से पिरोया गया है। अंत में मैत्री मूवी मेकर्स ने रश्मिका और विजय को खुशहाल शादीशुदा जीवन की बधाई दी है।

7 साल के लंबे इंतजार के बाद रश्मिका और विजय की पसंदीदा जोड़ी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। दोनों ने आखिरी बार साल 2019 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म डियर कॉमरेड में एक साथ स्क्रीन शेयर की थी। इससे पहले 2018 में उनकी फिल्म गीता गोविंदम ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया था। राणाबाली सितंबर 2026 में रिलीज होने वाली है, जिससे सामने आई रश्मिका और विजय की पहली झलक ने फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है।

इस फिल्म का निर्देशन राहुल सांकृत्यान ने किया है. इसकी कहानी 19वीं सदी के भारत में घटी है और यह 1854 से 1878 के बीच हुई वास्तविक ऐतिहासिक घटनाओं से प्रेरित है. विजय ने शक्तिशाली राणाबली का किरदार निभाया है, जबकि रश्मिका ने जयम्मा की भूमिका निभाई है. हॉलीवुड अभिनेता अर्नोल्ड वोस्लू खलनायक सर थियोडोर हेक्टर के रूप में नजर आते हैं. विजय ने इससे पहले फिल्म का फर्स्ट लुक साझा करते हुए लिखा था, अंग्रेजों ने उन्हें जंगली कहा था, मैं इससे असहमत नहीं हूं, वह हमारा जंगली था! यह फिल्म ब्रिटिश शासन के अधीन लोगों के संघर्षों को दर्शाती है और इसमें सशक्त भावनाएं और एक्शन देखने को मिलते हैं.

दिलचस्प बात यह है कि विजय और रश्मिका पहले भी गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं. लेकिन इस बार उत्साह और भी अधिक है क्योंकि वे अब वास्तविक जीवन में पति-पत्नी हैं.

# आलिया भट्ट ने लव एंड वॉर पर दिया अपडेट, बोलीं- आभारी हूं कि ये मौका मिला



अभिनेत्री आलिया भट्ट अपनी आगामी फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य किरदारों में हैं। हाल ही में, एक कार्यक्रम के दौरान आलिया ने फिल्म को लेकर बात की और उससे जुड़ा एक अपडेट साझा किया। आलिया ने भंसाली संग करने के अनुभव पर भी बात की और इस सफर को जादुई बताते हुए आभार व्यक्त किया।आलिया ने मिलान फैशन वीक में अपनी उपस्थिति से खूब चर्चा बटोरी। इस दौरान अभिनेत्री ने अपनी वर्तमान की परियोजना के बारे में खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैं फिलहाल लव एंड वॉर नाम की एक फिल्म पर काम कर रही हूं। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। यह एक बेहद जादुई अनुभव रहा है। लव एंड वॉर बॉलीवुड की सबसे चर्चित आगामी परियोजनाओं में से एक है।

भंसाली के साथ दोबारा जुड़ने पर आलिया ने कहा, संजय सर के साथ काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव है और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे यह मौका मिला। दरअसल, फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी के बाद यह दूसरा मौका है, जब आलिया को दोबारा भंसाली की फिल्म में जुड़ने का मौका मिला है। पहले यह फिल्म 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 2027 तक के लिए खिसका दिया गया है।

## पेड्डी का दूसरा गाना रई रई रा रा गाना हुआ रिलीज, राम चरण के हाई-एनर्जी स्वैग ने मचाया धमाल


सुपरस्टार राम चरण अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म पेड्डी को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। इस बीच निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा एकल गाना राई राई रा रा जारी कर दिया है। चिकरी चिकिरी की जबरदस्त सफलता के बाद आए इस दूसरे गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। एआर रहमान ने अपने संगीत से गाने को जोशीले और लयबद्ध धुन के साथ प्रस्तुत किया है। आवाज गायक नकाश अजीज ने दी है, जबकि बोल रकीब आलम ने लिखे हैं। रई रई रा रा रिलीज होते ही इंटरनेट पर तूफान ला दिया। पहले गाने चिकिरी चिकिरी के 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज के बाद यह हाई-एनर्जी ट्रैक फैन्स को झूमने पर मजबूर कर रहा है।



राम चरण के धमाकेदार डांस मूव्स ने इसे साल का सबसे बड़ा पार्टी एंथम बना दिया। दर्शक राम चरण को चिरुथा स्टाइल में थिरकते देख भूल ही नहीं पा रहे।

## भूत बंगला का ट्रेलर सिनेमाघरों में लेकर आएंगे अक्षय कुमार, निर्माताओं ने बनाई ये योजना

अक्षय कुमार इन दिनों आगामी फिल्म भूत बंगला का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में, इसका पहला गाना रामजी आके भला करेंगे जारी हुआ था जिसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। खबर है कि फिल्म का ट्रेलर जारी करने के लिए निर्माताओं ने एक खास योजना बनाई है जिसके तहत भूत बंगला से पहले इसका ट्रेलर सिनेमाघरों का रुख करेगा। बता दें, फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है जो हेराफेरी और भूल-भुलैया जैसी फिल्में बना चुके हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, भूत बंगला का ट्रेलर 19 मार्च से सिनेमाघरों में धुरंधर 2 के साथ दिखाया जाएगा। हालांकि, पहले इसे 9 से 18 मार्च के बीच डिजिटल रूप में जारी करने की योजना बनी है। एक सूत्र ने बताया, ट्रेलर का फाइनल वर्जन तैयार है और टीम को इसपर पूरा भरोसा है। हमारा मकसद पहले डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज़बरदस्त चर्चा पैदा करना है और फिर धुरंधर 2 सिनेमाघरों में देखने आने वाले दर्शकों की संख्या का लाभ उठाना है।सूत्र ने आगे कहा कि धुरंधर 2 के साथ भूत बंगला के ट्रेलर को जोड़ना एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा, यह सोच-समझकर लिया गया फैसला है। टारगेट दर्शक काफी हद तक एक जैसे हैं, और धुरंधर 2 का विशाल पैमाना इसके लिए एकदम सही मंच प्रदान करता है। सूत्र ने बताया कि इस तरह हॉरर-कॉमेडी फिल्म को बड़े पर्दे पर एक शानदार शुरुआत मिलेगी जो 10 अप्रैल, 2026 को रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है।



# नाशपाती से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन, सभी को आएंगे पसंद



नाशपाती एक स्वादिष्ट फल है, जो थोड़ा खट्टा-मीठा होता है। यह न केवल स्वाद में बेहतरीन है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए अच्छे होते हैं। आमतौर पर इसे कच्चा खाया जाता है, लेकिन इससे कई तरह के अनोखे भारतीय पकवान भी बनाए जा सकते हैं। आइए आज हम आपको नाशपाती से बनाए जाने वाले कुछ खास व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिनका स्वाद आपको जरूर पसंद आएगा।

### नाशपाती का हलवा

नाशपाती का हलवा एक खास और स्वादिष्ट मिठाई है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले नाशपाती को कद्दूकस कर लें, फिर इसे घी में भूनें। अब इसमें दूध, चीनी और इलायची पाउडर मिलाएं और पकने दें, जब तक कि मिश्रण गाढ़ा न हो जाए। अंत में इसमें सूखे मेवे डालकर सजाएं। यह हलवा न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसे आप खास मौकों पर बना सकते हैं।

### नाशपाती की चटनी

नाशपाती की चटनी एक बेहतरीन संगत है, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकती है। इसे बनाने के लिए पकी हुई नाशपाती को मैश करें और उसमें हरी मिर्च, अदरक, नमक और गुड़ मिलाएं। इस मिश्रण को अच्छे से पीस लें, ताकि सभी मसाले आपस में मिल जाएं। यह चटनी रोटी या पराठे के साथ बहुत अच्छी लगती है। इसका खट्टा-मीठा स्वाद आपके खाने को खास बना सकता है और इसे आप किसी भी भोजन के साथ परोस सकते हैं।

### नाशपाती का रायता

गर्मियों में ठंडा-ठंडा रायता खाना किसे पसंद नहीं होता? अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो नाशपाती का रायता जरूर बनाएं। इसके लिए पकी हुई नाशपाती को मैश करके दही में मिलाएं, फिर उसमें भुना जीरा, नमक और थोड़ा-सा कटा हुआ पुदीना डालें। यह रायता खाने में बहुत ही ताजगी भरा और स्वादिष्ट है। इसे आप किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोस सकते हैं और इसका स्वाद आपके खाने को और भी खास बना देगा।

### नाशपाती की सब्जी

नाशपाती की सब्जी एक अनोखा व्यंजन है, जिसे आप अपने घर में आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले प्याज, टमाटर और अदरक-लहसुन का पेस्ट भूनें, फिर उसमें मसाले डालकर पकाएं। अब इसमें कटी हुई नाशपाती डालें और थोड़ी देर पकने दें, ताकि सारे मसाले अच्छे से मिल जाएं। अंत में हरा धनिया डालकर सजाएं। यह सब्जी रोटी या चावल, दोनों के साथ अच्छी लगती है और इसका स्वाद बहुत ही खास है।

### नाशपाती की खीर

खीर तो आपने कई बार बनाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी नाशपाती की खीर ट्राई की है? इसके लिए सबसे पहले दूध उबालें, फिर उसमें चीनी डालें और गाढ़ा होने तक पकने दें। अब इसमें कटी हुई नाशपाती डालें और थोड़ी देर पकने दें, ताकि फल का स्वाद दूध में अच्छे से मिल जाए। अंत में इलायची पाउडर डालकर सजाएं और ठंडा करके परोसें। यह खीर खाने में बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक है।

# गर्मियों में हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रहने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। यह तब होता है जब शरीर का तापमान 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर चला जाता है। इससे शरीर के आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंच सकता है। हीट स्ट्रोक अधिक समय तक धूप में रहने, शरीर में पानी की कमी और शारीरिक गतिविधियों के कारण हो सकता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रह सकते हैं।

### घर से बाहर निकलें तो पहनें ढीले-ढाले कपड़े

गर्मियों में घर से बाहर निकलते समय ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें। यह कपड़े न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि सूरज की किरणों को भी वापस लौटाते हैं, जिससे आप ठंडा महसूस कर सकते हैं। सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे त्वचा को हवा लगने देते हैं और पसीना सोख लेते हैं। इसके अलावा ढीले कपड़े पहनने से शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और हीट स्ट्रोक का खतरा कम होता है।

### घर से बाहर निकलने से पहले पानी पिएं

अगर आप घर से बाहर निकलने वाले हैं तो उससे पहले एक या दो गिलास पानी जरूर पी लें। इससे शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और हीट स्ट्रोक का खतरा कम होगा। कोशिश करें कि घर से बाहर निकलने से पहले नारियल पानी या छाछ जैसे पेय भी पी लें। इन पेय से शरीर को जरूरी तत्व मिलते हैं, जो पसीने के कारण खो जाते हैं और शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है।

### अधिक समय तक धूप में न रहें

अगर आप किसी कारणवश घर से बाहर निकल रहे हैं तो धूप में अधिक समय तक रहने से बचें। बेहतर होगा कि आप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें क्योंकि इस दौरान सूरज की किरणें सबसे तेज होती हैं। अगर किसी कारणवश आपको इस समय के बीच घर से बाहर निकलना पड़ रहा है तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें और समय-समय पर उसका सेवन करते रहें।

### बाहर निकलते समय सिर को ढक लें



अगर आप किसी कारणवश घर से बाहर निकल रहे हैं तो अपने सिर को किसी टोपी या दुपट्टे से ढक लें। यह आपके सिर को धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा सकता है और आपको ठंडा रख सकता है। इसके अतिरिक्त आप चाहें तो धूप से बचने के लिए त्वचा की सुरक्षा के लिए लोशन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भी आपको धूप के दुष्प्रभावों से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

### हीट स्ट्रोक के लक्षणों पर दें ध्यान

हीट स्ट्रोक के लक्षणों पर नजर रखना जरूरी है ताकि समय रहते इलाज किया जा सके। हीट स्ट्रोक के लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर आना, उल्टी, तेज धड़कन, सांस लेने में कठिनाई और भ्रम शामिल हैं। अगर आपको ये लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें या फिर नजदीकी अस्पताल जाएं। इन तरीकों को अपनाकर आप गर्मियों में हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रह सकते हैं।

## ट्रंप को लगा 16 लाख करोड़ का झटका, कोर्ट ने दिया कंपनियों का पैसा लौटाने का आदेश



वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापारिक नीतियों को कानूनी मोर्चे पर एक ऐसा करारा झटका लगा है, जिसकी गूंज पूरी दुनिया के बाजारों में सुनाई दे रही है। अमेरिका के व्यापारिक इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी उथल-पुथल देखने को मिल रही है, जहां सरकार को अपनी ही नीतियों के कारण अरबों डॉलर का रिफंड चुकाना पड़ सकता है। यह मामला सिर्फ एक राजनीतिक हार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर उन तमाम कंपनियों और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला है जो अमेरिका के साथ व्यापार करते हैं।

**कंपनियों को मिली अदालत से बड़ी राहत्**

न्यूयॉर्क के एक फेडरल जज रिचर्ड ईटन ने हाल ही में एक बेहद अहम फैसला सुनाते हुए विदेशी व्यापार करने वाली कंपनियों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन भी कंपनियों ने सरकार द्वारा लगाए गए अमान्य टैरिफ (आयात शुल्क) का भुगतान किया है, वे सभी अपना पैसा वापस पाने की हकदार हैं। यह पूरा विवाद 1977 के 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट' (IEEPA) के तहत लगाए गए भारी-भरकम टैक्स से जुड़ा है। पिछले महीने ही अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के इस डबल-डिजिट आयात शुल्क को असंवैधानिक करार देते हुए खारिज कर दिया था। अब जज ईटन ने साफ कर दिया है कि रिफंड का दायरा सिर्फ अदालत का दरवाजा खटखटाने वाली कुछ कंपनियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह उन सभी आयातकों पर समान रूप से लागू होगा जिन्होंने इस आपातकालीन कानून के तहत ड्यूटी चुकाई है।

**सरकारी खजाने पर पड़ेगी 16 लाख करोड़ की भारी चपत**

इस अदालती फैसले का वित्तीय प्रभाव अमेरिकी सरकार के लिए बेहद चिंताजनक है। आंकड़ों पर गौर करें तो अमेरिकी सरकार ने दिसंबर के मध्य तक इन विवादित टैरिफ के जरिए करीब 130 अरब डॉलर (लगभग 12 लाख करोड़ रुपये) की भारी-भरकम रकम वसूली थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि दिसंबर के बाद की गई वसूली को भी इसमें मिला दिया जाए, तो कुल रिफंड का यह आंकड़ा 175 अरब डॉलर यानी करीब 16.12 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। टेनेसी स्थित फिल्टर निर्माता कंपनी 'एटमस फिल्ट्रेशन' के मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया है। ट्रंप प्रशासन ने इस रिफंड प्रक्रिया को धीमा करने की पूरी कानूनी कोशिश की थी, लेकिन अमेरिकी कोर्ट ऑफ अपील्स ने सरकार की इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। अदालत से मिली इस रणनीतिक हार के बाद अमेरिकी सरकार भी चुप बैठने वाली नहीं है। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने संकेत दिए हैं कि प्रशासन अपने रुख को और सख्त करने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ट्रंप ने जो 10त्न का नया यूनिवर्सल टैरिफ लागू किया था, उसे अब बढ़ाकर 15 फीसदी करने की तैयारी चल रही है। ट्रेजरी सेक्रेटरी के मुताबिक, इसी हफ्ते इस नए टैक्स स्लैब का आधिकारिक ऐलान किया जा सकता है।

# अमेरिका ने परमाणु क्षमता वाली मिसाइल का किया परीक्षण, हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से कई गुना शक्तिशाली





कैलिफोर्निया (ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच जारी भीषण संघर्ष के बीच अमेरिका ने अपनी परमाणु क्षमता का प्रदर्शन करते हुए मिनुटमैन-III इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) का परीक्षण किया है। युद्ध के छठे दिन किए गए इस परीक्षण को ईरान के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है। यह मिसाइल हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से कई गुना अधिक शक्तिशाली वारहेड ले जाने में सक्षम मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार रात कैलिफोर्निया स्थित वेंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से अमेरिकी एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने मिनुटमैन-III मिसाइल का सफल परीक्षण किया। अमेरिकी स्पेस फोर्स के अनुसार इस मिसाइल में दो टेस्ट री-एंट्री व्हीकल लगाए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि यह परीक्षण लंबे समय से चल रहे नियमित मूल्यांकन कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसके तहत अमेरिका अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता की जांच करता रहता है।

**बेहद तेज और लंबी मारक क्षमता**

मिनुटमैन-III मिसाइल अमेरिका की रणनीतिक रक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी मारक क्षमता करीब 6,000 मील तक मानी जाती है और यह 15,000 मील प्रति घंटे से अधिक की गति से उड़ सकती है। इतनी तेज रफ्तार के कारण यह कुछ ही मिनटों में दूसरे महाद्वीप तक पहुंचने में सक्षम है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार पिछले कई दशकों में ऐसी 300 से अधिक मिसाइलों के परीक्षण किए जा चुके हैं।

**छठे दिन भी जारी है जंग**

इधर अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष लगातार छठे दिन भी जारी है। अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा एक ईरानी युद्धपोत को डुबोने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजराइल की ओर कई मिसाइलें दागीं। ईरान ने क्षेत्र में सैन्य और आर्थिक ढांचे को निशाना बनाने की चेतावनी भी दी है। वहीं अमेरिका और इजराइल ने भी ईरान के सुरक्षा ठिकानों और प्रशासनिक संस्थानों पर हमले तेज कर दिए हैं।

**लगातार बढ़ रहा है युद्ध का दायरा**

हमलों की तीव्रता इतनी अधिक रही कि ईरान के सरकारी टीवी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए प्रस्तावित शोक समारोह को स्थगित करने की घोषणा करनी पड़ी। अमेरिका और इजराइल ने इससे पहले ईरान के सैन्य नेतृत्व, मिसाइल भंडार और परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर इस संघर्ष की शुरुआत की थी। विश्लेषकों का मानना है कि बदलते हालात के कारण यह युद्ध लंबे समय तक चल सकता है।

**युद्ध रोकने के प्रस्ताव को भी ठुकराया**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध के मोर्चे पर अमेरिकी सेना के प्रदर्शन की सराहना की है। वहीं अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन सांसदों ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रखने के पक्ष में रुख दिखाते हुए युद्ध रोकने से जुड़ा प्रस्ताव खारिज कर दिया। इस बीच ईरान ने बहरीन, कुवैत और इजराइल पर हमले किए हैं, जबकि तुर्किये ने दावा किया कि नाटो की रक्षा प्रणाली ने ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया।

## युवा बनाम पुराने नेताः नेपाल में चुनाव मतदान जारी, पीएम सुशीला ने डाला वोट

काठमांडू(ए.)। नेपाल की राजनीति के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है, जहाँ देश के सात प्रांतों—कोशी, मधेश, बागमती, गंडकी, लुंबिनी, कर्णाली और सुदूरपश्चिम—में आम चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। जहां प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने भी वोट डाला। चुनावी जंग में पुराने दिग्गजों और नए चेहरों के बीच कड़ा मुकाबला है। एक तरफ कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपनी सत्ता वापसी के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, तो दूसरी तरफ नेपाली कांग्रेस के प्रभावशाली नेता गगन थापा भ्रष्टाचार मुक्ति और रोजगार के वादे के साथ मैदान में हैं। लेकिन इस बार सबसे ज्यादा चर्चा काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह की है। एक रैपर और सिविल इंजीनियर से नेता बने बालेन शाह युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं और उन्हें एक बड़े सुधारवादी चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। उनके अलावा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और जनमत पार्टी जैसे दल भी प्रमुखता से अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। पिछले एक साल से जारी भीषण राजनीतिक उथल-पुथल, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के खिलाफ हुए जन-आंदोलनों के बाद हो रहे ये चुनाव न केवल नई सरकार चुनेंगे, बल्कि नेपाल के लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती की परीक्षा भी लेंगे।

## पाकिस्तानी शख्स का सनसनीखेज खुलासा, 'ईरान ने ट्रंप और बाइडन की हत्या के लिए मुझे हायर किया'

नई दिल्ली(ए.)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। अमेरिकी अदालत में 47 वर्षीय पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट के खिलाफ मुकदमा शुरू हुआ है। उस पर आरोप है कि उसने ईरान से जुड़े लोगों के साथ मिलकर अमेरिका के शीर्ष नेताओं की हत्या की साजिश रची। इस कथित साजिश में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई बड़े नेताओं के नाम सामने आए हैं।अभियोजन पक्ष के मुताबिक आसिफ मर्चेंट अप्रैल 2024 में अमेरिका पहुंचा था और नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले 'कॉन्ट्रैक्ट किलिंग' की व्यवस्था करने की कोशिश कर रहा था। इसके लिए उसने ऐसे व्यक्ति से संपर्क किया, जिसे वह पेशेवर सुपारी किलर ढूंढने में सक्षम समझता था। जांच के दौरान पता चला कि जिस व्यक्ति से मर्चेंट ने संपर्क किया था, वह बाद में एफबीआई का मुखबिर बन गया। उसकी मदद से मर्चेंट की पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली गई। अदालत में बताया गया कि मर्चेंट ने 5,000 डॉलर अग्रिम के रूप में दो लोगों को दिए, जिन्हें वह सुपारी किलर समझ रहा था, जबकि वे दोनों एफबीआई के अंडरकवर एजेंट थे।

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की अंतिम विदाई की तारीख का ऐलान पर सस्पेंस

**-तारीख टालने के पीछे सबसे बड़ा कारण लाखों लोगों की सुरक्षा**



तेहरान,(ए.)। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की अंतिम विदाई को लेकर सस्पेंस गहरा गया है। पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक उनकी अंतिम रस्में गुरुवार को होनी थीं लेकिन सुरक्षा कारणों और इजराइली हमले की आशंका के मद्देनजर इसे टाल दिया गया है। प्रशासन जल्द ही अंतिम संस्कार की नई तारीखों का ऐलान करेगा। बता दें अली खामेनेई की मौत अमेरिका द्वारा उनके दफ्तर पर किए गए भीषण बमबारी में हुई थी। इस हमले में ईरान के कई अन्य शीर्ष नेता भी मारे गए थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पहले अमेरिका और इजराइल ने इसकी पुष्टि की जिसके बाद ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने भी आधिकारिक तौर पर उनके निधन और शहादत का ऐलान किया। खामेनेई के अंतिम संस्कार को टालने के पीछे सबसे बड़ा कारण लाखों लोगों की सुरक्षा है। 1989 में खुमैनी के जनाजे में करीब 1 करोड़ लोग जुटे थे। आशंका है कि खामेनेई की विदाई में भी लाखों लोग सड़कों पर उतरेंगे। ईरान को अंदेशा है कि इस विशाल शोक सभा के दौरान इजराइल हमला कर सकता है, जिससे बड़े पैमाने पर जनहानि हो सकती है। इसी वॉर रिस्क के चलते इस्लामिक डेवलपमेंट को-ऑर्डिनेशन काउंसिल ने कार्यक्रम आगे बढ़ाने का फैसला लिया है।

खामेनेई को ईरान के सबसे पवित्र शहरों में से एक मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। मशहद शब्द का अर्थ ही शहीद की जगह है। उन्हें इमाम रजा की पवित्र दरगाह के पास दफनाया जाएगा। ईरानी मीडिया और जनता उनकी मौत को शहादत मान रही है, इसलिए उन्हें पूरे राजकीय और धार्मिक सम्मान के साथ एक शहीद के रूप में दफनाया जाएगा। इस्लामिक प्रचार परिषद के मुताबिक अंतिम रस्में तेहरान की खुमैनी मस्जिद में आयोजित की जाएंगी। ये रस्में कुल 3 दिनों तक चलेंगी जिसके बाद पार्थिव शरीर को मशहद ले जाया जाएगा।

# खेल समाचार

## कैप्टन कूल से हो गई ये बड़ी चूक, सड़क पर नियम तोड़ना MS DHONI को पड़ा भारी; कट गया इतने रुपए का चालान

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और 'कैप्टन कूल' के नाम से मशहूर महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। लेकिन इस बार वजह क्रिकेट का मैदान नहीं, बल्कि सड़क पर की गई एक गलती है। हमेशा शांत रहने वाले और नियमों का पालन करने वाले धोनी इस बार अपनी गाड़ी तय लिमिट से ज्यादा तेज रफ्तार में चलाते हुए पकड़े गए हैं, जिसके चलते उनका चालान कट गया है।

**ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम की पकड़ में आई रफ्तार**

मिली जानकारी के मुताबिक, एमएस धोनी हाल ही में अपने होमटाउन रांची की सड़कों पर अपनी कार से जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी गाड़ी तय स्पीड लिमिट से काफी तेज दौड़ाई। रांची पुलिस के स्मार्ट ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम ने तुरंत उनकी ओवर-स्पीडिंग को कैमरे में कैद कर लिया और नियमों का उल्लंघन करने पर उनके नाम से चालान जारी कर दिया गया।



**तेज रफ्तार के कारण देना पड़ा 1000 रुपये का जुर्माना**

ट्रैफिक नियमों के मुताबिक, गाड़ी को तय गति सीमा से अधिक तेज चलाने पर महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ एक हजार रुपये का चालान काटा गया है। अमूमन धोनी को सड़क पर ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करते हुए देखा जाता है, लेकिन इस बार हुई इस चूक ने उनके फैंस को भी हैरान कर दिया है और यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

**आम लोगों के लिए भी है एक बड़ा सबक**

धोनी का यह चालान इस बात का सख्त रिमाइंडर है कि सड़क पर नियम सबके लिए बराबर हैं। तय लिमिट से तेज वाहन चलाना न सिर्फ चालक के लिए जानलेवा साबित हो सकता है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा को भी भारी खतरे में डाल देता है।

इसलिए, चाहे कोई आम इंसान हो या कोई बड़ा सेलिब्रिटी, हमेशा निर्धारित स्पीड लिमिट में ही गाड़ी चलानी चाहिए ताकि सभी सुरक्षित रहें।

## अपने ही दामाद पर भड़के शाहिद अफरीदी

लाहौर (ए.)। पाकिस्तान की टीम का जिस प्रकार से टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खराब प्रदर्शन रहा है उससे पूर्व क्रिकेटर भड़के हुए हैं। पूर्व दिग्गजों ने टीम की रणनीति के साथ ही कप्तानी और खिलाड़ियों के कमजोर प्रदर्शन पर सवाल उठाये हैं। टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को भी खराब प्रदर्शन के लिए आड़े हाथों लिया है। शाहीन जबकि उनके दामाद हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम के खिलाफ बड़ी जीत नहीं दर्ज कर पाया। । सुपर-8 के मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ उसे बड़ी जीत चाहिये थी पर टीम मामूली अंतर से जीती और इस कारण सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गयी।

## टी-20 विश्व कप में पाकिस्तानी खिलाड़ी की शर्मनाक हरकत, महिला स्टाफ के साथ की बदतमीजी



नई दिल्ली(ए.)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम का टी20 विश्व कप में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। टीम सुपर-8 से आगे नहीं जा सकी। विश्व कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम स्वदेश लौट चुकी है। इसी बीच एक ऐसी खबर आई है जिसने फील्ड पर लगातार शर्मनाक प्रदर्शन कर रही पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाया है।एक रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीलंका के कैंडी में एक होटल में रहने के दौरान एक पाकिस्तानी खिलाड़ी ने महिला स्टाफ के साथ बदतमीजी की। घटना के बाद टीम मैनेजर ने खिलाड़ी पर जुर्माना लगाया। यह घटना मेजबान श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के आखिरी सुपर 8 मैच से पहले हुई थी। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट के मुताबिक, "श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान के आखिरी सुपर 8 मैच से पहले, पाकिस्तान वर्ल्ड कप टीम के एक खिलाड़ी ने एक महिला हाउसकीपिंग स्टाफ के साथ बदतमीजी की।" रिपोर्ट के मुताबिक, "स्टाफ ने मदद के लिए आवाज लगाई। होटल के दूसरे स्टाफ ने महिला स्टाफ की रक्षा की और मामले की जानकारी पाकिस्तान टीम के मैनेजर नवेद चीमा को दी। गोल्डन क्राउन होटल का टॉप मैनेजमेंट चाहता था कि इस मामले को सख्ती से निपटा जाए, लेकिन चीमा ने खिलाड़ी की तरफ से माफी मांगी और उस पर गलत व्यवहार के लिए जुर्माना लगाया।" आरोपी खिलाड़ी के पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की डिसिप्लिनरी कमिटी के सामने भी पेश होने की संभावना है और उसे और सजा मिल सकती है।

**पाकिस्तान क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा संकट में फंसा**

लाहौर (ए)। मध्यपूर्व में जारी संघर्ष को देखते हुए पाकिस्तान की क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा संकट में पड़ता नजर आ रहा है। पाक टीम को 11 मार्च से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए बांग्लादेश दौरे पर जाना था। इसके लिए उसे 9 मार्च को बांग्लादेश पहुंचना था पर अब कहा जा रहा है पाकिस्तान की टीम इस दौरे को आगे बढ़ा सकती है। पिछले कुछ समय से बांग्लादेश बोर्ड (बीसीबी) के साथ पाक बोर्ड (पीसीबी) के संबंध बेहतर हुए हैं और ऐसे में इस दौरे को आयोजित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। दोनो टीम के बीच मीरपुर मे 11, 13 और 15 मार्च को तीन एकदिवसीय मैच होने थे पर अब ये खेले जाएंगे या नहीं तय नहीं है। इसका कारण ये है कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद से ही दुनिया भर में तनाव का माहौल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की सीरीज तभी आयोजित होगी, जब यात्रा जोखित और सुरक्षा की चिंताएं समाप्त होंगी।ये भी कहा जा रहा कि वर्तमान मौजूदा क्षेत्रीय तनाव की वजह से यह टूर होगा या नहीं कहा नहीं जा सकता है।

## सचिन के बेटे अर्जुन की शादी में पारंपरिक परिधाओं में नजर आये धोनी और साक्षी

मुम्बई (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी गुरुवार को यहां महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक की शादी में शामिल हुए। धोनी और साक्षी इस समारोह में स्टाइलिश अंदाज में नजर आये। शादी में धोनी के अलावा कई और दिग्गज खिलाड़ी भी शादी में शामिल हुए।



धोनी ने शादी समारोह में पारंपरिक परिधानों में सबका ध्यान खींचा। वह हल्के बेज-ब्लश सिल्क कुर्ते में अपने ही अंदाज में दिखे। जिसमें बीच और कफ पर बारीक रेशम और ज़रदोज़ी की कढ़ाई की गई थी। हल्के हरे, लाल और सुनहरे रंग के हल्के फूलों से उनका ये कुर्ता और भी क्लासिक भारतीय अंदाज दिखा रहा था। उन्होंने क्रिस्प सफेद चूड़ीदार ट्राउज़र के साथ लुक को साफ और सिंपल रखा, जिससे कुर्ते की कारीगरी उभर कर सामने आई।वहीं साक्षी ने आइवरी अनारकली-स्टाइल सूट पहना था, जिसके बॉर्डर पर कलमकारी से प्रेरित फूलों की बेलें और मोर के डिज़ाइन थे, जो शाही चार्म दिखा रहा था। उनके हल्के सोने के बॉर्डर वाले शीयर दुपट्टे, लेयर्ड गोल्ड ज्वेलरी और भारी सजावट वाले गोल्ड पोटली बैग ने स्टाइल के साथ ही पारंपरिक अंदाज दिखाया। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और उनकी पत्नी सफा बेग भी पारंपरिक कपड़ों में दिखे। इरफान हल्के क्रीम रंग के थ्री-पीस सूट में बहुत खूबसूरत लग रहे हैं, जिसमें फिटेड ब्लेज़र, मैचिंग वेस्टकोट और स्लिम ट्राउज़र हैं। इसे बिना बटन वाली सफेद शर्ट और पॉलिश किए हुए भूरे जूतों के साथ कैजुअली स्टाइल किया गया है, जो एक मॉडर्न और आरामदायक लुक देता है।

# विराट आरसीबी के सबसे बड़े स्टार बने रहेंगे : बोबाट

बेंगलुरु (ए.)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबाट ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि वह हमेशा ही टीम के लिए सबसे बड़े स्टार रहेंगे क्योंकि उन्होंने अपने करियर का पूरा समय आरसीबी के साथ ही बिताया है। जिस प्रकार से वह पिछले कई साल से समर्पित होकर टीम की ओर से खेले रहे है, ऐसा काफी कम देखा गया है। इसलिए हमें उनके लिए एक जीत दर्ज करने वाली टीम बनानी है। आरसीबी आईपीएल में अभी मौजूदा चैंपियन है और उसका लक्ष्य इस बार भी खिताब जीतना रहेगा। टीम ने पिछले सत्र में 18 साल के बाद अपना पहला आईपीएल खिताब रजत पाटीदार की कप्तानी में जीता था। जिसके बाद विराट काफी भावुक हो गये थे क्योंकि लंबे समय तक वह कप्तानी करने के बाद भी वह टीम को खिताब नहीं जिता पाये थे।

बाट ने कहा, 'विराट हमेशा इस टीम के आईकन रहेंगे। वह लीग की ओर से किसे शानदार प्रदर्शन के लिए इस सम्मान के अधिकारी हैं। उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'मुझे याद है पिछले सत्र मैं उनके आंकड़े देख रहा था जब वह करीब 9000 रन तक पहुंच गए थे और वो भी 18 साल तक केवल एक ही टीम की जर्सी पहनकर। इस प्रकार उन्होंने प्रत्येक सत्र में करीब 500 रन बनाये हैं।' बोबाट ने कहा, 'यह हैरानी की बात है। सात साल तक कुछ खिलाड़ी 500 रन एक सत्र में बनाकर भी फूले नहीं समाते हैं जबकि विराट ने प्रत्येक सत्र में 500 रन बनाये हैं। यह अपने आप में हैरान करने वाली बात है।



कोहली ने सला 2008 से आरसीबी के लिए खेलते हुए 8 शतक भी लगाये हैं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा 9000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। साल 2016 में उन्होंने एक ही सत्र में 973 रन बनाये थे। बोबाट ने कहा, ' वह एंडी फ्लावर के साथ मिलकर उनके लिए एक एक ऐसे टीम बनाना चाहते हैं जो इस बार भी जीते क्योंकि विराट अपने करियर के उस दौर में हैं, जहां वह लगातार जीत चाहते हैं।'उन्होंने कहा कि टीम इस बार भी विराट के लिए खिताब जीतने के इरादे से आक्रामक क्रिकेट खेलेगी। टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी बार खिताब जीतकर ये दिखाना होगा कि पिछली बार उसकी जीत कोई तुक्का नहीं थी।

# जनता कार्यालय में रंगों की बौछार, हर्षोल्लास के साथ मना रंगोत्सव

## रंगोत्सव के अवसर पर सांसद दी शुभकामनाएं, जनप्रतिनिधियों संग मनाया उत्सव



नर्मदापुरम (निप्र)। जनता कार्यालय में होली मिलन समारोह का हर्षोल्लासपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सम्मिलित होकर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ रंग-गुलाल लगाकर उत्साहपूर्वक होली मनाई।

इस अवसर पर सांसद श्री चौधरी ने समस्त क्षेत्रवासियों को रंगपंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों के इस पावन पर्व पर आपसी स्नेह, विश्वास और अपनत्व की जो सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि हृदयों को जोड़ने और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने भेदभाव को मिटाने का अवसर है। क्षेत्रवासियों का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है।

कार्यक्रम में आचार्य अजय दुबे, आचार्य नर्मदा प्रसाद, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव, महेंद्र यादव, नीतिराज सिंह पटेल, प्रयागराज रघुवंशी, योगेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, कॉलोनाइजर लक्ष्मण व्यास,रोहित गौर, हंसराय, अजीत मंडलोई, संदेश पुरोहित, प्रशांत अग्रवाल, वंदना दुबे, रेखा रघुवंशी, निर्मला राय, राजेश तिवारी, अनिल दुबे, लक्ष्मन वैस, अनिल चौबे, दीपेंद्र राजपूत अनिल शैनी, निशांत पाठक, मनीष चतुर्वेदी, संतोष जैन, लोकेश तिवारी, नरेंद्र यादव, प्रमोद सोनी, उमेश ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आगामी सभी पर्व जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक सौहार्द के प्रतीक हैं उन्हें संपूर्ण हर्षोल्लास के साथ इसी तरह का गरिमामय आयोजन रखकर मनाया जाएगा

समारोह में आत्मीय वातावरण के बीच सभी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

## इटारसी अनुविभाग में नरवाई प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित, ग्रीन विलेज घोषित करने के निर्देश

नर्मदापुरम (निप्र)। इटारसी अनुविभाग अंतर्गत सभी 13 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं पटवारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नरवाई प्रबंधन के संबंध में विस्तृत चर्चा करते



हुए महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए। एसडीएम निलेश शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि नरवाई नहीं जलाने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में नरवाई प्रबंधन समितियों का गठन कर उनकी नियमित बैठकें एवं रात्रि चौपाल आयोजित की जाएं, ताकि किसानों को जागरूक कर इस अभियान को प्रभावी बनाया जा सके।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित हार्वेस्टर एवं भूसा मशीनों की प्रतिदिन की जानकारी पंजी में संधारित कर ग्राम पंचायत स्तर पर रखी जाए तथा संबंधित जानकारी समूह के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों तक नियमित रूप से प्रेषित की जाए।सुरक्षा की दृष्टि से भूसा मशीनों के साथ पानी से भरे केन रखना अनिवार्य किया गया है। साथ ही किसानों के पास उपलब्ध स्प्रे पंप पानी की पूर्ण टंकी सहित मशीनों के साथ तैयार रखने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध वाटर टैंकर एवं फायर फाइटर पंप भी आपात स्थिति हेतु सदैव तैयार रखने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अधिकतम ग्रामों को ग्रीन विलेज घोषित कराने हेतु आवश्यक सभी कार्यवाहियां कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के समन्वित प्रयासों से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## मंगलमय परिसर कॉलोनी में मनाया होली उत्सव

नर्मदापुरम (निप्र)। मलाखेडी स्थित मंगलमय परिसर कॉलोनी में हर्ष उल्लास पूर्ण होली उत्सव मनाया गया. कॉलोनी के निवासी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिले , होली उत्सव में कॉलोनी निवासी

कैलाश पालीवाल, गोविन्द राम शर्मा, गोविन्द गौर, नरेश मालवीय, ए. के. दीक्षित, वाय.एन. तिवारी, रामसेवक शर्मा, डी एस पटेल, नीलेश अग्रवाल,शरद मलैया,मन मोहन उपाध्याय, श्री मिश्रा जी,धनराज झा,तेज सिंह राजपूत, एस पी दुबे,राम कृष्ण मालवीय, सहित अनेक कॉलोनी निवासी मौजूद थे।

## सरगम संस्था में होली पर रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न

नर्मदापुरम (निप्र)। होली महोत्सव के दौरान सरगम संस्था के सभागार में सरगम संस्था के विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ जनों ने बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ होली महोत्सव मनाया। सभी विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर समा बांध दिया और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से खेमचंद यादवेश , हरिओम दीक्षित, राकेश दुबे, सोहन सिंह चौहान, अनूप तिवारी,अमित गौर आदि उपस्थित रहे द्य ढोलक पर साथ दिया हर्ष मेहरा ने तबले पर नारायण सौर ने एवं हरमोनियम पर सोहन सिंह चौहान ने संगत की।आदविका गौर ,नितिन,अनूप तिवारी, चन्द्रशेखर, आदि ने सुमधुर होली गीतों की प्रस्तुति दी द्य प्रोग्राम के अंत मे सरगम संस्था के संचालक पण्डित महेश कुमार तिवारी जी ने सभी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया एवं कला संस्कृति से जुड़े रहने की नसीहत भी दी

# नपा में कार्यालय अधीक्षक द्वारा की गई जनसुनवाई




नर्मदापुरम (निप्र)। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी द्वारा आज नपा में जनसुनवाई की गई। इस दौरान लोगों की समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में जो भी शिकायतें और समस्याएं आती हैं उनका तत्काल प्रभाव से निराकरण करें।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर जनसुनवाई की शुरूआत की गई है जिससे नागरिकों को सीधा लाभ हो रहा है। गुरूवार को सुनवाई में आवेदन आए जिसमे अधिकांश सफाई व्यवस्था, पानी निकासी और पेड़ छंटवाने, अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित शिकायतें आई थी। अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया गया। साथ कुछ आवेदनों की जांच उपरांत कराने का आश्वासन दिया गया।

# ग्वाल टोली में होली पर हुआ रंगारंग कवि सम्मेलन

नर्मदापुरम (निप्र)। सुप्रतिष्ठित व्यंग्यकार रहे स्व. इंद्रकुमालवीय की स्मृति में होली पर्व पर चतुर्थ वर्ष में आयोजित रंगारंग कविसम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विवेकानंद युवा मण्डल के प्रांत अध्यक्ष प्रसन्न हर्णे के मुख्य आतिथ्य, पार्षद नरेंद्र पटेल और रेखा किशोर करैया की अध्यक्षता में आयोजित कविसम्मेलन का संचालन ब्रज पटेल द्वारा किया गया। नर्मदाप्रसाद हरियाले सुनील सांवला ने आल्हा धुन से शमां बांध दिया। मां नर्मदा के तट पर जन्नत का नजारा। पथरौटा के शायर सतीश शमी ने अपने पुर असर अंदाज में कहा हमको बिगड़ी हुई तकदीर गर बनानी है। मां के चरणों पे सिर झुकानी है। वाह वाह फेम संदीप मदन गुरू ने अपने निराले अंदाज में खूब हंसकर पिता के लिये कहा--छू सकें हम आसमां इसके लिए पिता खुद को पल पल गिराता रहा। हास्य कवि दिनेश भोपाली ने भी खूब ठहाके लगवायेकवयित्री मंगलाकेवट ने श्रंगार के साथ-साथ संवेदनशील गीत पढकर खूब वाह वाही लूटी। ओज कवि विजय बारूद ने भगतसिंह को फांसी देने बाली रस्सी के मन का दर्द बताया। गीतकार अमित बिल्लौरे ने गीत के माध्यम से कविसम्मेलन को ऊंचाई दी। पटेल ने जहां अपने चुटीले अंदाज में सबको हंसाया बेटियों के लिये कहा- सायकल पर भी कल तक जो चढ न सकी। आसमानों में ऊंची उडी बेटियाँ। आजाद वतन वर्मा ने शिखर कलश रखते हुए देशभक्ति गीत पर भारत-जिंदाबाद के नारे लगवा दिये। अंत में रामेश्वर यादव ने अपनी आशु कविता के माध्यम से आभार प्रकट किया।

## जिले में पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, आपूर्ति पूरी तरह सुचारू : जिला आपूर्ति अधिकारी

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू ने जानकारी दी है कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति सतत एवं नियमित रूप से की जा रही है तथा वर्तमान खपत को दृष्टिगत रखते हुए पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले की आवश्यकता के अनुरूप एलपीजी गैस का भी पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है। प्रशासन द्वारा पेट्रोल, डीज़ल एवं एलपीजी के स्टॉक की निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।जिला आपूर्ति अधिकारी ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोलियम पदार्थों का क्रय करें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीज़ल का भंडारण न करें।

## जिले में संचालित किया जा रहा एचपीवी टीकाकरण अभियान

नर्मदापुरम (निप्र)। महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह विशेष अभियान आगामी 90 दिनों तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष पूर्ण न करने वाली बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी टीका लगाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. गेहलोत ने बताया कि यह टीका सुरक्षित एवं प्रभावी है, जो सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक है। विशेषज्ञों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से का कैंसर है और यह महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है। अधिकांश मामलों में इसका प्रमुख कारण एचपीवी वायरस होता है। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा किशोर बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया गया है। अभिभावक अपनी बेटियों का पंजीकरण यू-विन (U-WIN) पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त चिन्हित शासकीय मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर भी पंजीकरण एवं टीकाकरण कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी आशा कार्यकर्ता से संपर्क किया जा सकता है। टीकाकरण के दिन अभिभावक अपनी बेटी के साथ मोबाइल फोन अवश्य लेकर आएं तथा आयु प्रमाण के रूप में आधार कार्ड, राशन कार्ड या स्कूल की मार्कशीट जैसे दस्तावेज साथ लाएं।

# निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

### 28 मार्च रहेगी आवेदन करने की अंतिम तिथि, 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा प्रवेश

नर्मदापुरम (निप्र)। शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में नि:शुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, नि:शुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में नि:शुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

## महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर अधिकार, न्याय और कार्यवाही की थीम पर होंगे विशेष कार्यक्रम

*सीहोर ( निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा और न्याय तक उनकी सुलभ पहुँच को सुगम बनाने के लिये अधिकार, न्याय, कार्यवाही - महिलाओं और बालिकाओं के लिए थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में शुक्रवार 6 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाना तथा समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण मजबूत करना है। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर संवाद और जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें घरेलू हिंसा कानून की जानकारी, न्याय चौपाल के माध्यम से कानूनी सहायता के मॉडल, मानसिक स्वास्थ्य और सायबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं द्वारा अपने अनुभव और सफल पहल साझा की जाएंगी, ताकि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रभावी मॉडल सामने आ सकें।*

## खाड़ी देशों में रह रहे म.प्र. के निवासियों की सहायता के लिए मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली और भोपाल में कंट्रोल रूम स्थापित

नर्मदापुरम (निप्र)। म.प्र. शासन ने मध्य-पूर्व देशों की वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए खाड़ी देशों में रह रहे प्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में 24×7 कंट्रोल रूम की स्थापना की है।खाड़ी देशों में अध्ययन, नौकरी, व्यवसाय, पर्यटन, इत्यादि के लिए गये प्रदेश के निवासी वर्तमान परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिये कंट्रोल रूम में दूरभाष नम्बर - 011-26772005, व्हाट्सऐप नम्बर - 9818963273, ई-मेल आई.डी. - mphelpdeskgulf@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम की सहायता से मध्यप्रदेश शासन द्वारा संबंधितों को भारत सरकार एवं संबंधित अन्य एजेंसियों से संपर्क करते हुए सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

भोपाल वल्लभ भवन में भी स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

म.प्र. के निवासियों की सुविधा के लिये भोपाल के वल्लभ भवन (मंत्रालय) में भी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। प्रदेश के नागरिक आवश्यक सहायता के लिये नई दिल्ली के अतिरिक्त भोपाल कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 0755-2708055, 0755-2708059, व्हाट्सऐप नंबर +917648862100 और sderf.vbsr@gmail.com पर संपर्क कर सकते है। सभी से अनुरोध है कि आवश्यक मदद के लिये नई दिल्ली या भोपाल कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026

### अब तक 49 हजार से अधिक किसानों का हुआ पंजीयन

नर्मदापुरम (निप्र)। शासन निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के पंजीयन कार्य हेतु जिले में तहसीलवार 132 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है जिसमें तहसील डोलरिया 13, इटारसी 15, पिपरिया 11, बनखेडी 15, बाबई 17, सिवनीमालवा 32 सोहागपुर 19, नर्मदापुरम ग्रामीण 09 एवं एवं नर्मदापुरम नगर 01 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है। उक्त पंजीयन केन्द्रों के सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र तथा ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन तथा ई लोक सेवा केन्द्र कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाईन कियोस्क, साईबर कैफे के माध्यम से सशुल्क व्यवस्था की गई है। अब तक 49 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन हो चुका है।




समर्थन मूल्य पर गेहूँ पंजीयन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026

जिले में रवि विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में स्थापित पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से कुल 49,401 पंजीयन किये जा चुके है। जिले में पंजीयन केन्द्रों के माध्यम से 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक किसानों का पंजीयन किया जाना है। जिले के कृषकों से अनुरोध है कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक जिन किसानों द्वारा अभी तक पंजीयन नहीं कराया गया है वे निर्धारित अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 तक अनिवार्य रुप से अपना पंजीयन शीघ्र करावें।

## 13 मार्च को शा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नर्मदापुरम में आयोजित होगा

*नर्मदापुरम (निप्र)। युवाओं को स्वरोजगार, रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ''संभाग स्?तरीय वृहद युवा संगम रोजगार एवं स्?वरोजगार मेला卐 का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम के तत्वावधान में शुक्रवार, 13 मार्च 2026 को किया जायेगा।रोजगार मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्?था नर्मदापुरम में संपन्न होगा। मेले में शासकीय विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थाएं भी भाग लेंगी, जो युवाओं को रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान मेले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग सहित विभिन्न विभाग भागीदारी करेंगे।*


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम**
कलेक्ट्रेट परिसर नर्मदापुरम Email-eeresnarmadapuram@mp.gov.in
पत्र क्रमांक C22/ निविदा/लेखा/ग्रायांसेवा/2026 नर्मदापुरम दिनांक 27-02-2026
**निविदा सूचना क्रमांक 15/2025-26**
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम में कार्यपालन यंत्री के उपयोग हेतु 01 बोलेरो/स्कार्पियों वाहन जो टैक्सी कोटे में पंजीकृत चालक सहित मासिक रूप से किराये पर लिया जाना है। इच्छुक ट्रेवल्स एजेंसी/व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र में निविदा फार्म कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। मोहरबंद निविदा प्रपत्र दिनांक 16/03/2026 को प्रात: 12.00 बजे तक कार्यालय में जमा की जावेगी। पश्चात दोपहर 01.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष निविदा खोली जावेंगे। निविदा प्रपत्र के साथ राशि रू. 5000/-(पांच हजार) मात्र का एफ.डी.आर. कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नर्मदापुरम के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय की लेखा शाखा में देखी जा सकती है।
जी/26900/25
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
नर्मदापुरम
हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com